सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 15 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 101, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कच्चा तेल आयात तीन गुना होकर 5.3 अरब यूरो पर

भारत की मार्च रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने व वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई। } 10

## गोरखा समस्या का संवैधानिक रूप से समाधान करेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर भाजपा पश्चिम बंगाल की सत्ता में आती है तो गोरखा समुदाय के मुद्दे का वह राज्य का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से समाधान करेगी। } 12

## बाबा साहेब के खिलाफ कांग्रेस ने रचे षडयंत्र

### सीएम योगी ने 135वीं जयंती पर संविधान निर्माता को दी श्रद्धांजलि



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंगलवार को विपक्षी दलों, खासतौर से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि बाबा साहेब को भारत रत्न न मिले, इसके लिए कांग्रेस ने हर प्रकार से षड्यंत्र रचे।

योगी आदित्यनाथ ने आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में उनके सिद्धांतों पर आधारित एक स्मारिका का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कांग्रेस ने बाबा साहेब को कभी सम्मान नहीं दिया, चुनाव लड़ने से वंचित करने का प्रयास किया और उन्हें भारत रत्न न मिले, इसके लिए उसने हर प्रकार के षड़यंत्र रचे। उन्होंने कहा आज वह (कांग्रेस) भी संविधान की प्रति लेकर भले ही घूम रही है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने की आवश्यकता है। योगी ने कहा मुझे प्रसन्नता है कि बाबा साहेब की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## योगी सरकार ने सभी श्रेणियों के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ायी

### अकुशल श्रमिकों को 13,690 रुपया और कुशल श्रमिकों को 16,868 रुपया प्रतिमाह न्यूनतम वेतन तय

- नोएडा-गाजियाबाद में श्रमिकों की सैलरी 3000 रुपये तक बढ़ी
- हाईपावर कमेटी की सिफारिश पर अंतरिम वेतन वृद्धि लागू, 1 अप्रैल से नई दरें प्रभावी
- गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में श्रमिकों के वेतन में 21% तक वृद्धि
- हिंसा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

विशेष संवाददाता



गौतमबुद्ध नगर। नोएडा और गाजियाबाद के श्रमिकों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि का ऐलान किया है। हालिया घटनाक्रमों के बाद की गई विस्तृत समीक्षा के आधार पर सरकार ने संतुलित निर्णय लेते हुए अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रेणियों में करीब 3000 रुपये तक वेतन बढ़ाया है, जिससे गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 21% तक वृद्धि हुई है। यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। सरकार ने 20,000 रुपये न्यूनतम वेतन की खबरों को भ्रामक बताया है, वहीं श्रमिकों की मांगों और उद्योगों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगे वेज बोर्ड के माध्यम से स्थायी समाधान की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व... शेष पृष्ठ 10 पर

### अशांति फैलाने वाले 300 को हिरासत में लिया : डीजीपी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने मंगलवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक और सीसीटीवी फुटेज से मिले सबूत नोएडा में मजदूर आंदोलन के दौरान हिंसा भड़काने में कुछ व्यक्तियों और समूहों की भूमिका की ओर इशारा करते हैं और इन सूचनाओं के आधार पर कार्वाई की जा रही है। लखनऊ में स्थित पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कुछ व्यक्ति और संगठनों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने स्थिति खराब की। हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### बदायूं : 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

बदायूं। बदायूं जिले के मूसाझाग क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के गैस संयंत्र में पिछले महीने दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रजनीश कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को बताया कि 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू तथा उसके साथी शिवम प्रताप सिंह को सोमवार को फिरोजाबाद के नारखी इलाके से गिरफ्तार किया गया था। उपाध्याय के अनुसार, अभय प्रताप से पूछताछ के बाद पुलिस उसे हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात उसके बताए स्थान पर लेकर गई थी। मौके पर पहुंचने के बाद अभय प्रताप ने अपने पास छुपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर गोली चला दी।

### प्रयागराज में दो बच्चे नदी में डूबे

प्रयागराज। जिले के झूंसी थाना क्षेत्र के सोहम आश्रम घाट पर मंगलवार को दो बच्चों के डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि झूंसी थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव निवासी लवकुश कुमार (12) पुत्र दिनेश कुमार यादव, अर्पित कुमार यादव (14) पुत्र जयसिंह उर्फ बच्चा तथा वैभव नामक एक अन्य बालक मंगलवार दोपहर घर से निकले थे। तीनों बच्चे सोहम आश्रम घाट पहुंचे, जहां लवकुश और अर्पित स्नान करने लगे। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। कुछ दूरी पर खड़े वैभव ने शोर मचाया, जिस पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों बच्चे पानी में लापता हो चुके थे।

# दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का शुभारम्भ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के बाद किया उद्घाटन
- अब ढाई घंटे में तय होगा छह घंटों का सफर



प्रमुख संवाददाता

उत्तराखण्ड। दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का शुभारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोड शो के बाद इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। छह लेन वाला और 213 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से तैयार किया गया है। एक्सप्रेसवे तीन राज्यों-दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है। इसके उद्घाटन से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय छह घंटे से अधिक से घटकर लगभग ढाई घंटे हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक की बोतलें और कूड़े के ढेर देवभूमि की पवित्रता को नुकसान पहुंचाते हैं। उत्तराखंड के लोगों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह जरूरी है कि देवभूमि के स्थानों की पवित्रता बनी रहे। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि भविष्य बताने वाले लोग हाथ की रेखाएं देखकर किसी व्यक्ति का भविष्य बताते हैं। अगर देश के संदर्भ में देखा जाए तो हमारी सड़कें, हमारे हाईवे, हमारे एक्सप्रेसवे, हवाई मार्ग और जल मार्ग ही हमारे राष्ट्र की भाग्य रेखाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से हमारा देश विकसित भारत के लिए विकास की ऐसी ही भाग्य रेखाएं बनाने में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आर्थिक गलियारे से विकास को मिलेगा बढ़ावा : योगी



जिला संवाददाता

सहारनपुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि नवनिर्मित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे से सड़क संपर्क और आर्थिक विकास को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में इस आर्थिक गलियारे को देश को समर्पित किए जाने से पहले मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### उत्तराखण्ड में विकास को मिलेगी नयी गति : धामी



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर दौरा प्रदेश के लिए नयी ऊर्जा और विकास की सौगात लेकर आता है। यहां प्रधानमंत्री द्वारा 11,963 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड और देश को इस आर्थिक गलियारे की सौगात मिली ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार के नये मुख्यमंत्री होंगे सम्राट चौधरी

- पेश किया सरकार बनाने का दावा
- आज लेंगे शपथ

एजेंसी



पटना। बिहार में मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी ने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। चौधरी राजग नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे, जहां उन्होंने राज्यपाल सैयद अता हुसैन के समक्ष औपचारिक रूप से सरकार गठन का दावा प्रस्तुत किया।

इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नित्यानंद राय, ललन सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) के संतोष सुमन समेत कई नेता मौजूद थे। राजभवन में सरकार गठन से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं, जिसके साथ ही नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई। सूत्रों के अनुसार चौधरी 15 अप्रैल को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## छत्तीसगढ़ : विद्युत संयंत्र में विस्फोट, 11 लोगों की मौत

### 15 अन्य घायल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिये निर्देश

एजेंसी

सक्ती (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में मंगलवार को एक विद्युत संयंत्र के बॉयलर में हुए विस्फोट के कारण 11 श्रमिकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि घटना जिले के डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई गांव में हुई जहां वेदांता कंपनी के विद्युत संयंत्र में बॉयलर के ट्यूब में विस्फोट हो गया। ठाकुर ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई वहां काफी संख्या में श्रमिक काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कम से कम नौ श्रमिकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि तीन श्रमिकों की मौत घटनास्थल पर हुई तथा छह अन्य की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल मौके पर पहुंचा और वहां से मजदूरों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि घटना में घायल 15 मजदूरों को रायगढ़ के एक अस्पताल भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद इस संबंध में कार्वाई की जाएगी। संयंत्र में बड़ी संख्या में पुलिस दल को तैनात किया गया है। वेदांता विद्युत संयंत्र के प्रवक्ता ने बताया, आज दोपहर को हमारे सिंघीतराई संयंत्र की एक बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें यूनिट का संचालन और रखरखाव करने वाले उप-ठेकेदार एनजीएसएल के कर्मचारी शामिल थे। हमारी पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावित सभी लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सहायता और उपचार मिले। उन्होंने कहा हम ...शेष पृष्ठ 10 पर



**विशेष खबर** होर्मुज से जुड़े मुद्दे पर शुक्रवार को सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे मैक्रों, स्टार्मर

## होर्मुज की अमेरिकी नाकाबंदी खतरनाक कदम : चीन

एजेंसी

बीजिंग। चीन ने होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी को खतरनाक और गैरजिम्मेदाराना कदम करार दिया और वाशिंगटन और तेहरान से युद्धविराम का सम्मान करने का आग्रह किया। चीन ने ईरान को सैन्य सहायता देने से भी इनकार किया और आगाह किया कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेहरान की मदद करने के आरोप पर चीन के खिलाफ शुल्क बढ़ाते हैं तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर शुक्रवार को पेरिस में होर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित एक सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिसमें इस संकरे जलमार्ग के बंद होने के कारण प्रभावित देश भाग लेंगे। मैक्रों के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अन्य प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।



इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अमेरिका-ईरान संघर्ष पर चर्चा करने के लिए आधिकारिक दौरे पर चीन पहुंचे हैं। उनकी दो दिवसीय यात्रा राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन और अन्य देशों को ईरान की तेल आपूर्ति को बाधित करने के प्रयास में होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है। रूस के विदेश मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि बीजिंग में लावरोव अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बातचीत करेंगे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, दोनों पक्षों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने यह जानकारी दी। गोर ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुछ बड़े सौदे होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि ट्रंप और मोदी के बीच फोन पर हुई लगभग 40 मिनट की बातचीत में पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी का मुद्दा भी उठा। यह ट्रंप और मोदी के बीच इस साल फोन पर हुई तीसरी बातचीत थी। वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हाल में हुई शांति वार्ता के बाद यह दोनों नेताओं की पहली बातचीत थी। ट्रंप और मोदी ने दो ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बाबा साहेब की प्रतिमा हटाने पर बवाल

### गोला में पुलिस पर पथराव व कई वाहन फूंके, हुआ लाठीचार्ज

मन्दीप कुमार वर्मा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी (वीओएल)। मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज इलाके में आंबेडकर जयंती के दिन प्रतिमा हटाने को लेकर बड़ा बवाल हो गया। प्रतिमा हटाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बाद हालात बेकाबू हो गए और पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना में कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हुए हैं, जबकि कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी गई। घटना बांकेगंज चौकी क्षेत्र के मोतीपुर गांव की है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में खाद के गड्ढे की जमीन पर आंबेडकर प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसी बीच पास की जमीन पर निर्माण कराने पहुंची महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जमीन को विवादित बताते हुए प्रतिमा को हटवा दिया। आरोप है कि पुलिस ने प्रतिमा को कपड़े में बांधकर वाहन में रखवा लिया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आंबेडकर जयंती के चलते क्षेत्र में रैली भी निकल रही थी, जिससे बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने प्रतिमा दोबारा स्थापित कराने और पुलिस से माफी मांगने की मांग की। इसी दौरान मामला बढ़ गया और भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को बेकाबू होते देख ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## गाली गलौज को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों द्वारा गालीगलौज को लेकर आरक्षी की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी विवेक यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि धारूपुर में दो पक्षों द्वारा जमीन विवाद को लेकर गालीगलौज की गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के राम नरेश प्रजापति व दिलीप प्रजापति पुत्रगण छेदी व दूसरे पक्ष के उमेशचंद्र प्रजापति व सुरेशचंद्र प्रजापति पुत्रगण रामआसरे के खिलाफ गालीगलौज को लेकर केस दर्ज किया है।

## घर में घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर आरोपियों पर केस

प्रतापगढ़। घर में घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रग्घू सिंह का पुरवा राजापुर निवासी जितेन्द्र कुमार कोरी की पुत्री आंचल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे गांव के प्रदीप पुत्र स्व0 घेर्राऊ कोरी व गुड़िया पत्नी प्रदीप ने गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गयी। बीचबचाव के लिए पीड़िता की मां कृष्णावती व बाबा लाल बहादुर आये तब उन्हें भी आरोपियों ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मिशन शक्ति अभियान से महिलाएं हो रही सशक्त

श्रावस्ती। पुलिस द्वारा सशक्त नारी सुरक्षित समाजह्व के उद्देश्य से मिशन शक्ति चरणझ्र5 के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राहुल भाटी के निर्देशन में और मुकेश चंद्र उत्तम की देखरेख में चल रहा है। पुलिस टीमों ने अलग-अलग थानों के क्षेत्रों में स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम किए। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा उपाय और सहायता पाने के तरीकों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। उन्हें शक्ति दीदी बनकर निडर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए लोगों को एक बार उपयोग होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) साझा न करने, मजबूत गुप्त शब्द (पासवर्ड) रखने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की सलाह दी गई। किसी भी ठगी की स्थिति में सहायता संख्या 1930 पर तुरंत सूचना देने को कहा गया। महिलाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक सेवा अनुप्रयोग (यूपी कॉप ऐप) और अन्य सहायता नंबरों की जानकारी भी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर वे तुरंत मदद ले सकें। सभी थानों पर बने मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सहायता कक्ष के बारे में भी बताया गया। श्रावस्ती पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए लगातार ऐसे अभियान चला रही है।

# बाबा साहब का जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणा स्रोत



श्रावस्ती। इकौना में भारत रत्न, महान समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। विधायक निवास के मीटिंग हाल में आयोजित सादगीपूर्ण लेकिन भावपूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जनप्रिय विधायक राम फेरन पाण्डेय ने सभी के साथ बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का संघर्षमय जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही समानता, सामाजिक समरसता और न्याय पर आधारित सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सतराम विश्वकर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने वंचित और शोषित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया, जो आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतीश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय, विनय कुमार पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पूरा वातावरण श्रद्धा, आदर और सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत रहा।

## श्रावस्ती में पांच स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



श्रावस्ती। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन सेवा भारती एवं सेवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद के पांच स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की रूपरेखा जिला प्रचारक भानु प्रकाश एवं अध्यक्ष डॉ. एन.एन. पांडेय के नेतृत्व में तथा सचिव डॉ. सूर्य कुमार सिंह के निर्देशन में तैयार की गई। शिविरों का आयोजन भिनगा क्षेत्र के लबेदपुर, भयपुरवा के चमरपुरवा कुट्टी, सिसवा के गद्दीपुरवा, नथुनिया मोड़ तथा सिरसिया के मोतीपुर (थारू जनजाति क्षेत्र) में किया गया।

शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विभिन्न शिविरों में लबेदपुर में डॉ. एन.एन. पांडेय एवं डॉ. अभिनव पांडेय, चमरपुरवा में डॉ. माला मुनि स्वामी, डॉ. परितोष सिंह, जितेंद्र मिश्र, रवि मिश्र एवं भल्लर विश्वकर्मा, गद्दीपुरवा में डॉ. ए.के. सिंह एवं डॉ. श्याम मिश्र, नथुनिया मोड़ में डॉ. आदर्श त्रिपाठी एवं के.के. शुक्ल तथा मोतीपुर (थारू जनजाति क्षेत्र) में सचिव डॉ. सूर्य कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक एवं डॉ. अजीत सिंह द्वारा सेवाएं दी गईं।

शाम 5 बजे तक सभी शिविरों में लगभग 2000 से अधिक मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया।

कार्यक्रम में विनीत कुमार द्विवेदी, ऋषभ शुक्ला, ध्रुव तिवारी, महेंद्र वर्मा, इन्द्र बहादुर यादव, पवन त्रिपाठी, विश्वपाल राणा, अशोक यादव, शशिन्द्र राय एवं अनिल कुमार (एकल अभियान) का विशेष सहयोग रहा, जिससे शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

## जिले में धूमधाम से मनी डॉ. आंबेडकर जयंती



श्रावस्ती। जिले में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा और अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान 20 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी बांटी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब ने सभी को बराबरी का अधिकार दिलाने और शिक्षा का महत्व बताने का काम किया। उनके विचारों पर चलकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को मजबूत बनाने का काम किया और हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार ने कहा कि संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है और उनके कारण देश को मजबूत कानून मिला। इस मौके पर कई अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। जिले के सभी तहसील, ब्लॉक, कार्यालय और स्कूलों में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई।

## बाबा साहेब के बताये मार्ग का अनुसरण करें छात्र

### पूर्व सांसद ने आंबेडकर जयंती पर छात्राओं को बांटे पुरस्कार



श्रावस्ती। महामानव, संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग श्रावस्ती द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, भयापुरवा भिनगा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरनाथ यति, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा उदय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश कुमार, सुखदेव, सुनील कुमार, अंकित कुमार सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा: प्रो. ओझा




प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोहपूर्वक मनाई गयी। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा द्वारा डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो0 ओझा ने कहा कि अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होने सामाजिक समरसता एवं दलितों के उद्धार को लेकर डॉ0 अम्बेडकर के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह व संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। प्रारम्भ मे प्रो0 अनिल सिंह ने डॉ0 अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ0 आशुतोष शुक्ला, डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 रविकांत कौशल, राजेश सिंह, संतोष प्रजापति, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनीता द्विवेदी, डॉ0 सुरभि सिंह, निवेदिता, मनोज तिवारी आदि रहे।

## सामाजिक उत्थान की मजबूती में डॉ0 आंबेडकर का योगदान अप्रतिम: एसडीएम



प्रतापगढ़। संविधान निमार्ता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन पर तहसील सभागार में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व नायब तहसीलदार पंकज कुमार एवं नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि सामाजिक उत्थान एवं शैक्षिक समाज की मजबूती में डॉ0 अम्बेडकर का योगदान अप्रतिम है। समारोह की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व संचालन राजस्व निरीक्षक संघ प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष धर्मराज ने किया। कार्यक्रम का संयोजन लेखपाल संघ के मंत्री मो0 अकरम ने किया। समारोह को अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेश तिवारी, शहजाद अंसारी, सुरेश यादव, रामसिंह यादव ने भी संबोधित करते हुए संविधान की विशिष्टता के लिए डॉ0 अम्बेडकर के चिंतन को दूरदर्शी कहा। इस मौके पर अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह, प्रवीण शुक्ला, प्रदीप सिंह, मस्तराम पाल, केके तिवारी, कुलदीप राव, केके सिंह, मंगलेश सरोज, अंकित यादव आदि रहे।

## बाबा साहब आंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी गयी



सिद्धार्थनगर- भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बांसी विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर मंडल के सोनारी (राप्ती नगर) स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बांसी विधायक राजकुमार जयप्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक राजकुमार जयप्रकाश सिंह ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी। विधायक ने कहा कि बाबा साहब का सपना एक ऐसे भारत का था, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हों। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज से भेदभाव समाप्त करने के प्रयासों पर जोर दिया। विधायक ने उपस्थित लोगों से बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने की अपील की। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान ₹जय भीम₹ के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित थे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## विधायक विनय वर्मा ने किया आंबेडकर प्रतिमा का भूमि पूजन

### गणेशपुर बनेगा आंबेडकर चौक, सुंदरीकरण व सुविधाओं के विकास की घोषणा

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 14 अप्रैल को 135वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर गणेशपुर चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्थानीय विधायक विनय वर्मा ने किया। विधायक के गणेशपुर चौराहे पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भूमि पूजन के बाद विधायक विनय वर्मा ने कहा कि वह एक सामान्य परिवार से आते हैं और जनता के सहयोग से इस पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते रहेंगे। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रतीक हैं। उनका जीवन वंचित और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित रहा। विधायक ने कहा कि उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक समरसता स्थापित की जा सकती है। इस अवसर पर विधायक ने घोषणा की कि गणेशपुर चौराहे को ह्यडॉ. भीमराव अंबेडकर चौकह्न के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां प्रतिमा के साथ सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यह स्थान क्षेत्र की पहचान बनेगा। विधायक के प्रयास केवल यहीं तक सीमित नहीं हैं। इससे पहले उन्होंने चिल्हिया क्षेत्र में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा निर्माण के लिए भी भूमि पूजन कराया था, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक विकास कार्यों के साथ-साथ जनता के सुख-दुख में भी सहभागी रहते हैं। उनकी सक्रियता और जनसंपर्क शैली उन्हें क्षेत्र में अलग पहचान दिला रही है। अंबेडकर जयंती पर आयोजित यह भूमि पूजन कार्यक्रम न केवल विकास की दिशा में पहल है, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रेरणा का भी प्रतीक माना जा रहा है। शोहरतगढ़ क्षेत्र विधायक विनय वर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है।

## ट्यूबवेल के पानी की टंकी में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

चौरीचौरा, गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूल पुर नंबर दो बलुहट्टा निवासी 26 वर्षीय युवक का शव गांव के ही सरकारी ट्यूबवेल के पानी की टंकी में सोमवार की सुबह देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची झंगहा पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा मामले की छानबीन में जुटी गई है। बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बलुहट्टा निवासी 26 वर्षीय निकेश उर्फ झब्बर पुत्र स्व0 बाजीलाल निषाद मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार गांव के सरकारी ट्यूबवेल के पानी की टंकी में मंगलवार की सुबह उसका शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई राकेश भी मजदूरी इत्यादि कर के परिवार का भरण पोषण करता है।

### संविधान में लोकतंत्र का जनता को डॉ. अम्बेडकर ने सौंपा सर्वशक्ति सम्पन्न अधिकार: प्रमोद तिवारी

# विधायक मोना ने करोड़ों के सौगातों की लगायी झड़ी



प्रतापगढ़। नगर के सलेम भदारी वार्ड में स्थित अम्बेडकर पार्क में मंगलवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बोधिसत्व संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन समारोह को सौगातों के जरिए यादगार बनाया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने पार्क में शासन द्वारा स्वीकृत दो करोड़ छियासी लाख की लागत से डॉ0 अम्बेडकर स्मृति उत्सव भवन की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। वहीं सांसद प्रमोद व विधायक मोना ने डॉ0 अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के लिए नगर पंचायत कार्यदायी संस्था की ओर से सैंतीस लाख छत्तीस हजार की धनराशि की भी मंजूरी की सौगात भेंट की। सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा सांसद निधि एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा विधायक निधि से पार्क के सुसज्जा हेतु पांच-पांच लाख रुपए की भी घोषणा की। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपनी ओर से पार्क में जनसुविधा के लिए वॉटर कूलर की भी सौगात दी। नगर पंचायत के सलेम भदारी वार्ड में भी विभिन्न योजनाओं के लिए सात करोड़ पन्चान्वें लाख की सौगात अम्बेडकर जयन्ती पर पाकर पार्क में मौजूद दसियों हजार लोगों के चेहरे खिल उठे दिखे। अम्बेडकर जनकल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित जयन्ती समारोह का शुभारंभ विधायक मोना तथा राज्यसभा सासंद प्रमोद तिवारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान की संरचना में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने लोकतंत्र में जनता को मताधिकार की बराबरी का सर्वशक्ति सम्पन्न अधिकार सौंपा। उन्होने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के जरिए देश में सामाजिक सदभाव के वातावरण को अनूठी चमक प्रदान की। उन्होने कहा कि देश जयन्ती पर दृढ़ प्रतिज्ञ है कि वह बाबा साहब के निर्मित संविधान के मूल ढ़ांचे में किसी को भी परिवर्तन का दुस्साहस नहीं करने देगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग समय समय पर संविधान की आत्मा पर चोट पहुंचाने का हर प्रयास किया करती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान में डॉ. अम्बेडकर ने बड़े से बड़े घरानों के चुनिन्दा वोट देने के पूंजीवाद को खत्म करते हुए अवसर तथा विकास के क्षेत्र में समान भागीदारी को बुलन्द बनाया। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा भी वन नेशन वन इलेक्शन की आड में दुनिया के कुछ तानाशाही शासकों की नकल करते हुए देश में भी वन नेशन वन पार्टी तथा वन नेशन वन लीडर के चीन की तरह खतरनाक मंसूबे को पाले हुए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान की शक्ति में हमारा सामाजिक सदभाव मजबूत बना हुआ है। विधायक मोना ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाये रखने के लिए कुरीतियों तथा भेदभाव को समाप्त करने में एकजुटता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होने कहा कि रामपुर खास में लोगों को समानता के अवसर के साथ विकास के क्षेत्र में अव्वल भागीदारी सदैव मजबूत नजीर लिए दिखेगी। अम्बेडकर जनकल्याण सेवा समिति की ओर से संयोजक मुन्नी लाल सरोज, छोटे लाल सरोज, केके सरोज, महमूद आलम व अमरावती, सुरेन्द्र गौतम व रोशन सरोज ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना को बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा एवं शॉल तथा पटिटका भेंट कर सम्मानित किया।

## अम्बेडकर जयंती पर उमड़े सैलाब को निहारते रहे प्रमोद व मोना

प्रतापगढ़। अम्बेडकर जयन्ती पर लालगंज पार्क में मंगलवार को करीब आठ से दस हजार की उमड़ी भीड़ में सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सौगातो की बौछार से गजब का उत्साह दिखा। नेशनल हाइवे रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर मुख्य गेट से कार्यक्रम स्थल तक जय भीम के घोष के साथ उमड़ी भीड़ को देख प्रशासन को भी चकित देखा गया। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की जबरदस्त भीड़ के बीच विधायक आराधना मिश्रा मोना को लेकर खासी उत्सुकता दिखी। विशाल मंच से सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना बार बार भीड के उत्साह को निहारते दिखे। जिले में डॉ. अम्बेडकर की यह पहली विशाल मूर्ति के साथ जयन्ती पर उत्सव भवन, पार्क तथा अन्य सुविधाओं की सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना की घोषणाओं से उत्साह व उमंग तथा जोश और बढ़ता गया। सुबह से ही चारों तरफ से बाबा साहब के चित्र के साथ ढोल नगाड़े पर नाचते गाते डॉ. अम्बेडकर के अनुयायी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे।

# फॉर्मर रजिस्ट्री न होने पर बिना राशन के वापस लौटे कार्ड धारक

### फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में नाम न होने वाले कार्ड धारक को भी वापस कर रहे हैं कोटेदार

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा ब्लाक के ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ में सरकारी राशन वितरक (कोटेदार) ने फार्मर रजिस्ट्री नही कराने वाले कार्ड धारकों को बिना राशन दिए वापस लौटा दिया। जिसको लेकर किसानों में निराशा और आक्रोश का माहौल रहा। सरकारी खाद्यान्न वितरक ( कोटेदार) बड़ी रेतवाहिया के राशन न दिए जाने पर सुरेश, रविन्द्र भगत, ने बताया कि कोटेदार बड़ी रेतवाहिया रामभेजू ने राशन देने से इनकार करते हुए कहा है कि, पहले फॉर्मर रजिस्ट्री करा कर लेकर आइए तभी राशन मिलेगी, राशन वितरक रामभेजू ने इसके लिए खंड विकास अधिकारी चरगांवा द्वारा जारी मौखिक आदेश का हवाला कार्ड धारकों से दिया।

जंगल धूसड़ के टोला काकराहिया निवासी रविन्द्र भगत व सुरेश ने बताया हैं कि हम लोग कृषि भूमिधर नहीं हैं, हम लोगों के नाम से खतौनी नहीं है पर राशन कार्ड धारक हैं हम लोगों का नाम जब फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में शामिल नहीं है तो हम लोगों को राशन वितरक द्वारा खाद्यान्न क्यों नहीं दिया जा रहा हैं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

आपूर्ति निरीक्षक अरुण सिंह का कहना हैं कि ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ में फार्मर रजिस्ट्री सूची में शामिल ज्यादातर किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराया है। इसलिए राशन वितरक ( कोटेदार ) को फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के उपरान्त ही राशन वितरण किए जाने का मौखिक आदेश दिया गया हैं। जब आपूर्ति निरीक्षक से सवाल किया गया कि भूमिहीन कार्डधारक को भी राशन वितरक द्वारा क्यों वापस किया जा रहा हैं? जिस पर आपूर्ति निरीक्षक अरुण सिंह ने कहा कि, अभी इस महीने में काफी दिन अवशेष है सभी पात्र कार्ड धारक को खाद्यान्न वितरक द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। इस बाबत खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह का कहना हैं कि मेरे ब्लाक के जंगल धूसड़ ग्राम पंचायत में फॉर्मर रजिस्ट्री कराए जाने की प्रगति संतोषजनक नहीं थी। फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में शामिल किसानों की संख्या 1288 के सापेक्ष 762 किसानों ने फॉर्मर नहीं कराया था। जिस वजह से सरकारी खाद्यान्न वितरकों को उन कार्ड धारक को फॉर्मर रजिस्ट्री के उपरान्त खाद्यान्न देने का मौखिक निर्देश मेरे स्तर से दिया गया था। जिनका फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में नाम हैं व फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराए हैं वे कार्ड धारक जो भूमिहीन हैं या जिनका फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में नाम नहीं है, जिन्हें फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करना हैं उनके राशन रोकने का आदेश मेरे द्वारा नहीं दिया गया है। इस पूरे प्रकरण पर उप जिलाधिकारी सदर दीपक गुप्ता का कहना हैं कि फॉर्मर रजिस्ट्री न किए जाने की स्थिति में भूमिहीन राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न न दिए जाने का प्रकरण संज्ञान में आया हैं मेरे स्तर से वार्ता कर समस्या का निस्तारण किया जायेगा। वहीं राशन न मिलने पर फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री सूची में शामिल किसान जो फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं अब तक करा पाए थे चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम सचिवालय ( पंचायत भवन) जंगल धूसर परिसर में भारी संख्या में आधार कार्ड, खतौनी व मोबाईल नंबर लेकर पहुंचे पंचायत भवन सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगे कैंप में एकल टेबल पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील सदर इकाई गोरखपुर के अध्यक्ष व स्थानीय लेखपाल अनिल राय द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य किया जा रहा हैं।

# सीएम योगी करेंगे पूर्वी यूपी के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्‌घाटन

## एमपीआईटी में बुधवार को होगा कार्यक्रम, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी रहेंगे मौजूद



**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर टीसीएस एवं टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी उपस्थित रहेंगे। एमपीआईटी, पूर्वी उत्तर प्रदेश में देश की आजादी से पहले शिक्षा की अलख जगा रहे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन अवसर पर ह्यएआई अवेयरनेस फॉर आलह्व ट्रेनिंग वर्कशॉप का भी शुभारंभ होगा। इस वर्कशॉप में प्रतिभागियों की संख्या के लिहाज से विश्व कीर्तिमान रचने की भी तैयारी की गई है। एमपीआईटी में टीसीएस के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ है। इसे विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ढांचागत निर्माण पर 19.35 करोड़ रुपये, फर्नीचर व फर्निशिंग पर 2.40 करोड़, ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर पर 1.84 करोड़, एआई सेंटर पर 9.56 करोड़, स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर पर 2.09 करोड़, साइबर सिक्योरिटी सेंटर पर 6.19 करोड़ और थ्री डी प्रिंटिंग सेंटर पर 6.79 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉम्प्लेक्स में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्युरिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्युरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्री डी प्रिंटिंग समेत एकीकृत पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल का कहना है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं (लैब्स) स्थापित की गई हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, ड्रोन टेक्नोलॉजी लैब, थ्री-डी प्रिंटिंग लैब और स्पेस टेक्नोलॉजी लैब शामिल हैं। यहां कौशल विकास से नवाचार को प्रेरित किया जाएगा जिससे स्टार्टअप्स को बढ़ावा बढ़ावा मिलेगा और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। समग्र रूप में देखें तो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लक्ष्य इंटीग्रेटेड इनोवेशन ईकोसिस्टम का निर्माण करना है।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के साथ ही शुरू होने वाले 60 दिवसीय एआई अवेयरनेस फॉर आल ट्रेनिंग वर्कशॉप में एआई का परिचय, जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्प्टिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज, साइबर हाइजीन, फ्रॉड प्रिवेंशन, पासवर्ड एंड ओटीपी सेफ्टी और सेफ डिजिटल प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इसके अलावा एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स वर्कशॉप में कृषि में एआई, मौसम और फसल योजना, डिजिटल फार्मिंग टूल्स और रूरल प्रोडक्टिविटी सपोर्ट के बारे में विस्तार से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एआईसीटीई से अनुमोदित 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण एमपीआईटी के सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेंगे। यहां न केवल एमपीआईटी के छात्रों को बल्कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से अनुमोदित 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों को भी ग्लोबल कोर्सेज में शामिल होने की सुविधा मिलेगी। जो संस्थान एमपीआईटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से लाभान्वित होंगे उनमें मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक गोरखपुर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक गोरखपुर, महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक हरिहरपुर खजनी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी गोरखपुर सेंटर शामिल हैं।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



उन्नाव। ब्लॉक बिछिया क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) में 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कनौजिया, शिक्षिका संध्या शुक्ला तथा होरीलाल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व और संविधान के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुमन, पुष्पा एवं मीरा भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में कोमल, अंश, कामिनी, वीरेंद्र, आयुष सहित अन्य बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए किया गया, तथा सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# बाबा साहब की जयंती पर चहुंओर उत्साह, कार्यक्रमों की लगी होड़



गोरखपुर। भारतीय संविधान के शिल्पी, सामाजिक चेतना के ध्वजवाहक, देश के पहले कानून मंत्री 135वीं जयंती पूरे देश में पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। इसी कड़ी में जनपद के दक्षिणांचल स्थित विधानसभा क्षेत्र चिल्लूपार में भी कई स्थानों पर अभूतपूर्व उल्लास और सामूहिकता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंगलवार को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर चिल्लूपार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत विधायक राजेश त्रिपाठी ने अम्बेडकर तिराहे पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने मरवट, नगर पंचायत कार्यालय सहित तमाम कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी कड़ी में चेयरमैन प्रीति उमर ने नगर पंचायत सभागार में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उनके बताए रास्ते पर चलते हुए संविधान का सम्मान करने का संदेश दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि एवं भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक महेश उमर के नेतृत्व में कोडारी स्थित अम्बेडकर सामुदायिक केंद्र, गोला रोड स्थित दलित बस्ती सहित तमाम स्थानों पर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। बड़हलगंज स्थित स्व. विश्वनाथ उमर सभागार में आयोजित कार्यक्रम भाजपा मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनय तिवारी सभासद दीपक शर्मा, राकेश राय, नियाज कुरैशी, रामदास मद्धेशिया, सूरज सोनकर, सुदीप वर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता बीरू, रवि साहनी, दीपक गौड़, जीतेन्द्र पासवान, ऋषि चन्द, संजय सोनकर, मनोनीत सभासद आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार निगम, बृजेश उमर, श्रीकांत सोनी, सुरेश उमर, सन्तोष जायसवाल, श्रीनिवास सोनी आदि मौजूद थे।

वहीं नगर पंचायत चौरीचौरा के बाल बुजुर्ग वार्ड नंबर 5 में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एडवोकेट चन्द्रशेखर व रामसिंह के नेतृत्व में भव्य समारोह एवं विशाल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा परमाल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। पुष्प अर्पित के बाद सैकड़ों की संख्या में समर्थकों ने मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और साइकिलों के साथ नीले झंड़े लिए जय भीम के नारे लगाते, वृहद रैली रैली निकाली। जो क्षेत्र केचौरा, भोपा बाजार मुंडेरा बाजार भगवानपुर फुलवरिया के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचकर समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहेब के संदेश, शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो को जन जन तक पहुंचाना था।

### दीप प्रज्ज्वलित कर मनायी गयी आंबेडकर जयंती



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा ब्लाक के ग्राम पंचायत जंगल क्षत्रधारी के टोला शाहपुर स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक प्रमुख वंदना सिंह के नेतृत्व में किया गया था। इस अवसर पर जिला मंत्री श्रीमती चंचला शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष अनिल चौहान, जिला महामंत्री अनु० मोर्चा संजीव पासवान, जिला पंचायत सदस्य रामउग्रह चौहान, मण्डल महामंत्री चंद्रभान चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष, इंद्रजीत चौहान, मण्डल मंत्री अनुप चौहान, बुथ अध्यक्ष अवधेश चौहान, अन्य कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे'।

### भारत रत्न बाबा साहब की जयंती मनी



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। क्षेत्र के गगहा, अतायर, करवल मझगांवा, अस्थौला, हाटा बाजार सहित दर्जनों गांवों में सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। गांव-गांव में प्रभात फेरी और भव्य रैलियों का आयोजन किया गया। युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। हाथों में बाबा साहब के चित्र, नीले झंडे और ह्लजय भीमह्व के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। गांवों में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के संदेश पर प्रकाश डाला। पूरे क्षेत्र में जयंती को लेकर उत्साह का माहौल रहा और दिनभर ह्लबाबा साहब अमर रहेंह्व के नारों से गांव गूंजते रहे।

## स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया



उन्नाव (वीओएल)। ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) बीघापुर में ह्लस्कूल चलो अभियानह्व के अंतर्गत भव्य ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बीघापुर खुर्द एवं बीघापुर कला के बच्चों को पुस्तकों का वितरण भी किया। कार्यक्रम के उपरांत ह्लस्कूल चलो अभियानह्व रैली को मुख्य अतिथि आशुतोष शुक्ला, उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा तथा खंड शिक्षा अधिकारी बीघापुर शुचि गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बीघापुर खुर्द और कला के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य अतिथि आशुतोष शुक्ल, एसडीएम रणवीर सिंह और सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने भी रैली में प्रतिभाग किया। ब्लॉक संसाधन केंद्र से संदोही मंदिर तक निकली पैदल रैली में स्कूल चलो अभियान में तख्तियां और बैनर लेकर बच्चो शिक्षको और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संदोही मंदिर पर संपन्न पैदल रैली के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा वाहन रैली को भी रवाना किया गया।

## मीडियाकर्मी पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़। जिले में एक मीडियाकर्मी पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान तालिब अहमद के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने बताया कि एक समाचार चैनल में काम करने वाले योगेंद्र सिंह सांवले सोमवार शाम जब अपनी कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे तभी मैरिस मार्ग पर एक चौराहे पर एक दोपहिया वाहन ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। इसके बाद तीन लोगों ने उनकी कार पर ईंट से हमला कर शीशा तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सांवले किसी तरह वहां से कार लेकर निकल गए, जिससे उन्हें कोई चोट नहीं आई। हमलावरों ने सांवले को उनका नाम लेकर पुकारा था। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। आरोपी तालिब अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में नौरंगिया-घुघुली मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 13-14 अप्रैल की मध्य रात्रि को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया-घुघुली मार्ग पर क्रांति चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार बेचू शर्मा (24) और साहिल (18) नामक युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

### सूचना

मैं श्रीमती प्रभावती केसरवानी पत्नी सुधीर केसरवानी घोषणा करती हूं कि मेरा सही व पूर्ण नाम प्रभावती केसरवानी है, इसी नाम से मेरा आधार कार्ड संख्या-767823387431 बना है। रिलायन्स लाइफ इंश्योरेन्स की पालिसी संख्या 86125683 व कांट्रेक्ट नं.-5100186 में त्रुटिवश मेरा नाम प्रभावती अंकित हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही व पूर्ण नाम प्रभावती केसरवानी है, जो कि बिलकुल सही व सत्य है, मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जाए। प्रभावती केसरवानी पत्नी सुधीर केसरवानी निवासिनी 52/15, उदयगंज, लखनऊ।

## भारत रत्न संविधान निर्माता की जयंती हर्षोल्लास से मनी



**सफीपुर, उन्नाव।** भारत रत्न, संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विधायक, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत समाज सेवियों ने बाबा साहब की मूर्ति एवं चित्र पर माल्यार्पण कर जन्मदिन मनाया। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों एवं सरकारी संस्थानों में भारत रत्न, संविधान शिल्पी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके चित्र एवं मूर्ति पर फूल माला पहनाकर मनाई गई। इस दौरान लोगों से उनके जीवन विषय में चर्चा भी की गई। इसी कड़ी में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, एडीओ पंचायत छोटेलाल आदि ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। अतहा गांव में, ग्राम पंचायत ओसिया के मजरा भटिनिया गांव में सेवा निवृत शिक्षक धनीराम के नेतृत्व में केक काटकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र गौतम, राजा पाल, रोहित पाल, राजकरण, राजेश कुमार, सुंदर लाल, रामौतार, रामासरे, मुंशीलाल, गुड्डू, लोकनाथ, मनोज कुमार, अमृतलाल, नारेंद्र, तेजाराम, रामसजीवन, रोहित कुमार, रमेश यादव, अशोक यादव आदि समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे। इसी कड़ी में विधायक बम्बालाल दिवाकर ने उनवां के मजरा कन्हईखेड़ा गांव में, शकहन राजपूतान गांव में, ब्रजपालपुर गांव स्थित त्रिमूर्ति बुद्ध विहार जन जागृत सेवा संस्थान आदि गांवों में पहुंचकर बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया, साथ ही उनके फर्श से आसमान तक के सफर पर चर्चा भी की। क्षेत्र के ज्यादातर परिषदीय विद्यालयों का ताला ही नहीं खुला यदि कही विद्यालय का ताला खोला गया तो 10 बजे का कोरम पूरा कर इति श्री कर ली गई। कुछ जगहों पर पता चला कि 10 मिनट में फोटो सेशन कर बाबा साहब की जयंती का भार उतार दिया गया। यही नहीं सरकारी संस्थानों में कमोवेश हर विभाग का यही आलम रहा।

### हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब की जयंती मनाई गई



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। समूचा देश बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मना रहा हैं। लोगों में हर्षोल्लास का माहौल है। इसी कड़ी में पुरवा ब्लाक के गांव ऊंचगाव किला में भी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनाई गई। ऊंचगाव किला मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधान प्रतिनिधि व भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी व पुरवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी तथा क्षेत्रवासी व ग्राम वासियों ने बाबा साहेब को फूल माला पहनाकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने हमेशा बराबरी का पाठ और शिक्षित होने पर जोर देते रहें। चैधरी ने आए हुए सम्मानित लोगों का माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। और सभी को जलपान की व्यवस्था भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी पत्रकार श्रीपाल, आनन्द शर्मा, नीरज एडवोकेट, रामनरेश कुरील ऊंचगाव किला निवासी रमेश शुभम व अमित चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

## बाबा साहब के विचारों पर अमल करने की जरुरत है: पुष्पेंद्र प्रताप सिंह



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर में संविधान शिल्पी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने शिरकत की जिनमें दर्जनों ग्राम पंचायतो में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को भव्य बना दिया, बीघापुर, सुमेरपुर, सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक में विभिन्न स्थानों में निहाल खेड़ा धनकोली, मौहारी, धर्मदास खेड़ा, बड़ी पनई, गढ़ेवा, बदिया खेड़ा, जशवंत खेड़ा, पोरई, मानपुर ककरारी, छेरिहा, सुपासी, बारा, मलुहा खेड़ा, हलबल खेड़ा आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमें बाबा साहब के विचारों को अमल करने की जरूरत है बाबा साहब सभी वर्गो में पूज्यनीय है उन्होंने कठोर परिश्रम से समाज के कमजोर तबके के लिये आजीवन संघर्षरत रहे है ऐसे समाज सुधारक को नमन करता हूँ आज हम सभी को बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा लेकर एकजुट सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है। आयोजित कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का आयोजन कमेटी ने अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह माला पहनाकर सम्मान किया। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने भी अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पिंटू प्रधान, ज्ञान सिंह, रामचरन प्रधान, बीरेंद्र फौजी, संदीप सिंह, सेनू यादव, भारत कुरील, जयराम गौतम, सर्वेश रिंकू, रेनू देवी, मीरा देवी, रागिनी आदि अपने पारिवारिक शुभचिंतको से खुशनुमा मुलाकात हुई।

# कार्यालय नगर पंचायत रामपुर जौनपुर

**सार्वजनिक सूचना (अन्तिम प्रकाशन)**

पत्रांक 525 /न.पं.राम. /2024-25 प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर/उपविधि/2024-25 के द्वारा नगर पंचायत रामपुर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पालिका बयलाजों के अंतर्गत प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) दरों एवं अन्य शुल्कों पालिकाहित की दृष्टि से संसोधन करने के उद्देश्य से संसोधन का प्रारूप सयुक्त रूप से तैयार किया गया है। जोकि नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के द्वारा बोर्ड की बैठक प्रस्ताव स.-07 (3) बैठक दिनांक 18-11-2024 के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 (1) के प्रावधानों के अनुसार प्रारूप का प्रसाशन समस्त जनता के सूचनार्थ इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि ऐसे समस्त व्यक्ति जिन पर संसोधन प्रारूप का प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, अपनी-अपनी आपत्ति अथवा सुझावो प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर दें, अन्यथा निर्धारित समय उपरांत नगर पालिका की अधिनियम धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट के अंतिम प्रकासन की कार्यवाही कर दी जाएगी।

उपरोक्त के क्रम में दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय दैनिक जागरण व वाइस आफ लखनऊ' में दिनांक 20.02.2025 को 15 दिन के भीतर सुझाव एवं आपत्ति हेतु प्रकाशित कराया गया था, प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति या सूझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः यह विज्ञप्ति राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी ।

**उपविधि प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/ बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण के स्वरूप का प्रारूप वर्ष 2024-25**

(1) यह उपविधि **मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम में उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण** उपविधि नगर पंचायत **रामपुर** जौनपुर कहलायेगी।

(2) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर से होगा।
(ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अधिशासी अधिकारी से होगा।
(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर जौनपुर के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।
(घ) बोर्ड अथवा अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत रामपुर के बोर्ड अथवा अध्यक्ष से होगा।
(ड) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से होगा।

(3) नगर पंचायत सीमान्र्तगत यदि कोई भी मैरेज हॉल या मैरेज लॉन, बारात घर संचालित होता है और उसमें किसी भी कार्यक्रम के उपरान्त जो भी कूड़ा उत्पन्न होता है जिसका एरिया 2000 स्क्वायर फीट तक स्थित है उन्हे प्रति कार्यक्रम के पहले 2,000.00 रुपए कूड़ा निस्तारण हेतु शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4) यदि किसी **मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर** का एरिया 2000 स्क्वायर फीट से ऊपर का एरिया पाया जाता है तो प्रति 1000 स्क्वायर फीट पर 200 रू. अतिरिक्त शुल्क प्रति कार्यक्रम के पहले कूड़ा निस्तारण हेतु शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

| क्र.सं. | उपविधि प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण (रेखांकन) के स्वरुप की मदें | प्रस्तावित दरें/शुल्क रु. में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 2000 स्क्वायर फीट एरिया तक प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क । | प्रति कार्यक्रम 2,000.00 रू. |
| 2 | 2000 स्क्वायर फीट एरिया से ऊपर प्रति 1000 स्क्वायर फीट के प्रचलित मैरेज हॉल व मैरेज लॉन/बारात घर में होने वाले कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले कूड़ा निस्तारण हेतु निर्धारित शुल्क | प्रति कार्यक्रम 200.00+2000.00 =2200.00 रू. |

**शास्ति (दण्ड)**

सयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत रामपुर यह निर्देश देती है कि इस उपविधि के किसी उपबंधों का भंग की स्थिति में अर्थात यदि किसी मैरेज हॉल या मैरेज लॉन, बारात घर स्वामी द्वारा यदि कूड़े को अन्यत्र सार्वजानिक स्थान जैसे सड़क या तालाब आदि के किनारे कूड़ा फेकते पाए गए या सूचना प्राप्त होती है तो ऐसी परिस्थिति में उक्त सीमा के अंतर्गत 2000.00 रु. की दर से जुमार्ना शुल्क जमा करना होगा।

**(कुँवर गौरव सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर**

**(विनोद कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर**

# अंबेडकर की प्रतिमा हटाने पर दहका गोला





स्थिति को नियंत्रित करने मौके पर पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी ख्याति, सरकारी वाहन में तोड़फोड़ करते लोग, आग से जलता वाहन

संक्षेप

## विधवा ने परिजनों पर मकान हड़पने का लगाया आरोप

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में एक विधवा ने परिवार के लोगों पर जबरन मकान की भूमि पर सरकारी आवास बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। शंकरपुर छावनी निवासी आरती देवी ने बताया उसके पति की मौत हो गई थी जीवन यापन के लिए संकट खड़ा हो गया छोटे-छोटे बच्चों को लेकर और शहर में कमाने खाने निकल गई थी वापस आने पर अपने टूटे बड़े मकान में बच्चों के साथ रहने लगी परिवार के लोगों द्वारा महिला से अभद्रता करते हुए उसे घर से निकाल कर मकान हड़पने का प्रयास करने लगे जिसको लेकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है कार्रवाई न होते देख एसडीएम से मिलकर शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जे रुकवाने को लेकर गुहार लगाई है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जांच कर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## खेत जाते परिवार पर सियार का हमला, तीन घायल

संदना/सीतापुर। क्षेत्र के आमाघाट स्थित कृष्णापुर मजरे में मंगलवार सुबह एक खौफनाक घटना सामने आई, जब खेत की ओर जा रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों पर सियार ने हमला कर दिया। इस हमले में मां, बेटी और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामस्वरूपी (45) अपनी 7 वर्षीय बेटी अंकिता के साथ खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक सियार ने बच्ची पर झपट्टा मार दिया। बेटी को बचाने के प्रयास में मां ने साहस दिखाते हुए सियार का सामना किया। शोर-शराबा सुनकर पास में काम कर रहे पिता पंचम (50) भी मौके पर पहुंच गए और सियार को भगाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान आक्रामक सियार ने तीनों पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से सियार को खदेड़ दिया। घटना के बाद घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## चोर ने नकदी-जेवर समेत लाखों का माल किया पार

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के तिहार चैकी अंतर्गत घूरखेड़ा गांव में सोमवार देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान की दीवार में नकब लगाकर अंदर प्रवेश किया और नकदी व जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना शत्रोहन पुत्र जियालाल के घर की है। बताया जाता है कि सोमवार रात परिवार के सदस्य घर के दूसरे हिस्से में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने पीछे की दीवार काटकर घर में घुसपैठ की और बक्सों के ताले तोड़कर करीब 1.50 लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के लाखों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह जब परिजन जागे तो कमरों में सामान बिखरा मिला, जिससे घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। तिहार चैकी प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गन्ना में कीट नियंत्रण के लिए प्रचार वाहन किया रवाना

पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड चीनी पलिया के गन्ना विभाग द्वारा क्षेत्र में चोटी बेधक कीट के नियंत्रण के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो क्षेत्र में किसानों को चोटी बेधक कीट की पहचान , चोटी बेधक कीट से गन्ना फसल में नुकसान के लक्ष्ण और चोटी बेधक कीट के नियंत्रण के बारे में जानकारी देगा । महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि गन्ना गुड़ाई का समय चल रहा है किसान भाई गहरी गुड़ाई कर दो चार दिन खेत को छोड़ दें जिससे खर पतवार नष्ट हो जाये। उन्होंने यह भी कहा कि चोटी बेधक कीट की पहली व दूसरी पीढ़ी को कंट्रोल करने के लिए प्रभावित पौधों को काटकर खेत से बाहर निकाल दें तथा चोटी बेधक कीट की तृतीय पीढ़ी से बचाने के लिए कोराजन दवा का ड्रेंचिंग कराएं,चोटी बेधक कीट गन्ना फसल का मुख्य कीट है जो पैदावार प्रभावित करता है । ड्रेंचिग करने के बाद सिंचाई अवश्य करें । इस समय गन्ना गुड़ाई का कार्य चल रहा है । एक एकड़ गन्ने की पेड़ी और पौधे गन्ने में एनपीके,100 किलोग्राम या डीएपी 50 किलोग्राम तथा 25 किलोग्राम पोटाश मिलकर गन्ना के कुंडो पर डालकर गुड़ाई कर दे जिससे उर्वरक मिट्टी में मिल जायेगी और पोधो की जड़ों को बढ़ाएगी , ब्यांत अधिक आयेगा और गन्ने की पैदावार अच्छी प्राप्त होगी।

## बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रही गैस, एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप, डीएम से शिकायत

सीतापुर। विकास खंड सकरन के सांडा स्थित केएस इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर न मिलने और कालाबाजारी किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। परेशान उपभोक्ताओं ने मामले की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से की है। ग्राहकों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद उन्हें गैस नहीं मिल रही, जबकि रिकॉर्ड में डिलीवरी दिखा दी जा रही है। सांडा निवासी शांति देवी ने बताया कि उन्होंने 9 अप्रैल को बुकिंग कराई थी, लेकिन एक सप्ताह बाद भी सिलेंडर नहीं मिला। वहीं कमला देवी ने 10 अप्रैल को बुकिंग के बाद 11 अप्रैल को डीएसी नंबर मिलने पर एजेंसी पहुंचीं, तो उन्हें बताया गया कि सिलेंडर पहले ही डिलीवर हो चुका है। इसी तरह परवरी टोला बिसवां निवासी सईद ने बताया कि 30 मार्च को एजेंसी पहुंचने पर उन्हें भी 13 मार्च को डिलीवरी दिखा दी गई। उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया कि बिना सिलेंडर लिए डिलीवरी कैसे हो गई। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज ने केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरायी बाइक, युवक घायल

जंगबहादुरगंज खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गईं हादसे में युवक घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल ले जाया गया है जहां उसका इलाज के बाद उसे घर भेज दिया है। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम जसमंढी निवासी विपिन अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक पर सवार होकर जे बी गंज किसी काम को लेकर गया था जहां पहुंचते ही प्रेम पाल वॉच हाउस के पास नेशनल हाइवे 30 पर बने डिवाइडर में अचानक से उसकी बाइक टकरा गई जिससे बह गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई देखते ही देखते काफी सख्या में पास-पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए जिन्होंने तुरंत 108 एम्बुलेंस और परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है।

घटना स्थल पर मौजूद ने बताया कि युवक काफी तेज गति में बाइक को चला रहा था जिस कारण बाइक अनियंत्रित होकर पास में बने डिवाइडर से टकरा गई जिससे युवक का सर भी डिवाइडर में टकरा गया और सड़क पर गिर गया और बाइक तेज गति में होने के कारण काफी दूर तक फिसलती हुई चली गई हादसे में युवक सर और गाल बुरी तरह से फट गया जिस कारण काफी खून बह गया है गलीमत यह रही कि फिसलती हुई बाइक किसी और वाहन में नहीं टकराई नहीं तो एक और हादसा हो सकता था।

## ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर ने प्रेसवार्ता कर रखी मांगें



लखीमपुर खीरी। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के पदाधिकारी ने वन्यजीव हमलों पर रोक, पीड़ित परिवारों को 50 लाख मुआवजा व रोजगार देने की मांग आज ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल द्वारा प्रेस वार्ता में की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी एवं प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राणा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने प्रेस को संबोधित करते हुए जनपद के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद पीलीभीत एवं खीरी में अनैतिक जबरन धर्मातरण जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल द्वारा शासन एवं प्रशासन के सहयोग से बड़े पैमाने पर भटके हुए लोगों की वापसी (घर वापसी) का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द मजबूत हुआ है। आज जनपद में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिसके लिए सिख समाज मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र की सबसे गंभीर समस्या हिंसक वन्यजीवों का बढ़ता खतरा है। हाल ही में परगट सिंह की वन्यजीव हमले में दुखद मृत्यु हुई, जिसके उपरांत वन विभाग द्वारा 5 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया, परंतु यह राशि पर्याप्त नहीं है। इसी प्रकार सिंगाही-निघासन क्षेत्र में एक मासूम बच्ची तेंदुए का शिकार बन गई थी, जिसके परिवार को भी सीमित आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया गया। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि क्षेत्र में वन्यजीवों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। संस्था की मांग है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से कम से कम 50 लाख रुपये की सहायता तथा पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी रोजगार प्रदान किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राणा ने कहा कि जंगलों को रिहायशी क्षेत्रों से मजबूत बाड़ (फेंसिंग) द्वारा अलग करने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## सीतापुर में बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

सीतापुर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को पूरा जनपद उत्साह, श्रद्धा और उल्लास में डूबा नजर आया। शहर से लेकर गांव-कस्बों तक विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं,



जिनमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर जय भीम के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि, प्रभात फेरियां, संगोष्ठियां और रक्तदान शिविरों के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। पूरे जिले में सामाजिक समरसता, समानता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का संदेश प्रमुख रूप से देखने को मिला। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और शिक्षा के बल पर ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और किसी भी कार्य को लंबित न रखा जाए। वहीं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल-2 द्वारा शहर में विभिन्न



कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुद्ध विहार में साफ-सफाई, दीपोत्सव और पुष्पांजलि के साथ शुरूआत हुई, जबकि रामलीला मैदान में श्रमिकों को फल वितरित किए गए। अनुसूचित वर्ग छात्रावास में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महोली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अनूप कुमार गुप्ता ने दर्जनों स्थानों पर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सामाजिक समानता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने खैराबाद क्षेत्र के गांवों में जाकर लोगों के साथ जयंती मनाई और बाबा साहब के विचारों को साझा किया। बिसवां बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं तंबौर, संदना, सकरन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। नीले झंडों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली यात्राओं में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। संदना में प्रबुद्ध अंबेडकर रविदास मंदिर से निकली शोभायात्रा में भारी भीड़ उमड़ी, जबकि सकरन क्षेत्र में प्रभात फेरियों के जरिए गांव-गांव में जागरूकता फैलाई गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस प्रकार पूरे सीतापुर जनपद में बाबा साहब की जयंती न केवल उत्सव के रूप में मनाई गई, बल्कि समाज में समानता, न्याय और भाईचारे का मजबूत संदेश भी दिया गया।

## आंबेडकर शोभायात्रा से लौटते पिकअप पलटा, युवक की मौत

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में आंबेडकर शोभायात्रा से लौट रहा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा खटकरी गांव से आंबेडकर पार्क तक निकाली गई शोभायात्रा के बाद वापसी के दौरान हुआ। मृतक की पहचान 25 वर्षीय राम सहाय पुत्र सरजू निवासी खटकरी, थाना रामकोट के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद सभी लोग पिकअप से गांव लौट रहे थे। आरएमएपी कॉलेज के पास पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप अचानक पलट गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। गांव में शोक का माहौल है।

## झोलाछाप के इंजेक्शन से महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

सीतापुर। सकरन क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने क्लिनिक पर हंगामा किया, हालांकि बाद में बिना शिकायत दिए शव लेकर घर चले गए। जानकारी के अनुसार, सांडा निवासी 55 वर्षीय सलमा को मंगलवार सुबह तेज बुखार हुआ था। परिजन उन्हें गांव के ही नूरुद्दीन मेडिकल स्टोर संचालक के पास ले गए, जो कथित रूप से मेडिकल स्टोर की आड़ में क्लिनिक चलाता है। आरोप है कि डॉक्टर नूरुद्दीन ने उन्हें इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन बाद में समझाने पर शांत हो गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चैती मेले में भोजपुरी नाइट, देर रात तक गूंजे गीत-संगीत




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित भोजपुरी संगीत कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि विजय बाजपेयी, राजपाल सिंह, संजीव त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, लालाराम वर्मा, सुभाष वर्मा, अशोक कनौजिया, प्रवीण वर्मा, कमलेश वर्मा, ज्ञान चन्द्र वर्मा, अरविन्द यादव, शिव कुमार वर्मा, अम्बरीश वर्मा, विवेक वर्मा, अरनीखाना गन्ना समिति अध्यक्ष अशोक अवस्थी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्न ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पत्रकारों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

**चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कुलहिंद मुशायरा आज सायं सात बजे से।**

अतिथियों का स्वागत पुष्प मालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब मेला की लोकप्रियता और आयोजकों के प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील सिंह ने मेला चैती को क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बताते हुए इसकी सराहना की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्न ने सभी अतिथियों, कलाकारों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। भोजपुरी कार्यक्रम में यू-ट्यूबर स्टार खुशी वर्मा ने पवन सिंह के चर्चित गीतों बनारस घुमइबा राजा जी, पतरे कमरिया और हवा सांय-सांयह्न पर नृत्य कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं बक्सर (बिहार) से आई गायिका शिवानी सिंह ने तावा लेखा गरम रावा, ले ले अइहा सेंट गमकउआ राजा जी, कर्जा न कबो माई बाबू के भराई हो सहित कई गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। चैता गीतों और लोकधुनों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में दर्शक डटे रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश दीक्षित ने किया। आर्गन पर पंकज, ढोलक पर गांधी, बैंजो पर रंजीत, पैड पर सोनू और तबला पर रत्नेश मिश्रा ने संगत दी।

## आंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि शब्द बना विवाद की वजह, रेउसा में प्रदर्शन



सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर एक शब्द को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

सेवता विधानसभा से भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड और सोशल मीडिया पोस्ट में विनम्र श्रद्धांजलि लिखे जाने पर जाटव समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। अटल चैक पर लगे होर्डिंग को लेकर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए और जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जयंती जैसे उत्सव पर श्रद्धांजलि शब्द का प्रयोग अनुचित है। आक्रोशित लोगों ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होते देख पुलिस प्रशासन हरकत में आया। एएसपी आलोक सिंह और सीओ बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। बढ़ते दबाव के बीच प्रशासन ने विवादित होर्डिंग को हटवा दिया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात है। घटना के बाद इलाके में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई।

## आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुए कार्यक्रम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर नगर व क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शोभायात्राएं निकाली गईं और गोष्ठियों में उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने अंबेडकर के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, अजय शुक्ला, तरनजीत सिंह, सगीर अहमद, हिमांशु पटेल, सुभाष चंद्र शुक्ला, अजीत जैन, कमलेश गुप्ता, योगेंद्र विक्रम पटेल, पुष्पेंद्र वर्मा, प्रदीप अर्कवंशी, नन्हे श्रीवास्तव, फकीर मोहम्मद, पंकज पटेल सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे। संत रविदास डॉ. बीआर आंबेडकर सेवा संस्थान में जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुरूआत बुद्ध वंदना से हुई, जिसके बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां अनुयायियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद संस्थान परिसर में सभा आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को प्रहलाद पटेल, विजय शुक्ला रिंकू, सुरजन लाल वर्मा, अशोक सक्सेना, विनोद वर्मा, अरुण वर्मा, विनोद सिंह भदौरिया, अजय वर्मा, सत्यानंद स्नेही, राहुल मौर्य सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर कांशीराम, बीएल चौधरी, महेंद्र कपूर, इंजीनियर अशोक कुमार, डॉ. टीपी गौतम, एसपी सिंह, हरिराम, सौरभ भारती, सोनी चौधरी, माही चौधरी, सीमा गौतम, मधु मित्रा, एंजल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवभगवान ने की तथा संचालन विनोद गौतम ने किया। चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि महाविद्यालय लखीमपुर जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जयंती मनाई गई।

मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा ने चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अंबेडकर के जीवन, संघर्ष व सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि अंबेडकर ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित छात्र उपस्थित रहे। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डॉ. विवेक कुमार सिंह ने उनके जीवन संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कृषक समाज इंटर कॉलेज में भी जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने अंबेडकर के कृतित्व पर विचार रखे, जबकि अनुराग बाजपेई ने काव्य पाठ किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, एनएसएस वालंटियर, एनसीसी कैडेट व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## संस्कार वृद्धा आश्रमः बुजुर्गों के सम्मान और सहारे की नयी पहल

सीतापुर। जनपद के संदना क्षेत्र में स्थित नैमिषारण्य की पावन 84 कोसी परिक्रमा के आठवें पड़ाव जरिगवां गांव से एक सराहनीय सामाजिक पहल सामने आई है। यहां के किसान डॉ. अजय पाल ने निराश्रित और असहाय बुजुर्गों की सेवा के उद्देश्य से ह्लसंस्कार वृद्धा आश्रमह्व की स्थापना का संकल्प लिया है। डॉ. अजय पाल ने इस आश्रम के निर्माण के लिए करीब चार बीघा भूमि दान में दी है, जहां भव्य और सुव्यवस्थित वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस परियोजना पर करोड़ों रुपये की लागत आने का अनुमान है। आश्रम के संचालन और विकास के लिए ह्लसंस्कार वृद्धा आश्रम सेवा समितिह्व का गठन भी किया गया है, जिसके संस्थापक स्वयं डॉ. अजय पाल हैं। उन्होंने बताया कि बदलते सामाजिक परिवेश में कई परिवारों में बुजुर्गों के साथ उपेक्षा और दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार माता-पिता को अपने ही घर से बेघर होना पड़ता है, जिससे उन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में दर-दर भटकना पड़ता है। ऐसे ही जरूरतमंद बुजुर्गों को सुरक्षित आश्रय और सम्मानजनक जीवन देने के उद्देश्य से इस आश्रम की शुरूआत की गई है। जब तक आश्रम का स्थायी भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी रूप से कल्ली चैराहा, उत्तरधौना गांव के पास स्थित एक निजी भवन में आश्रम का संचालन शुरू कर दिया गया है। यहां पहले से ही कई बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जा चुका है, जिनमें शीतला देवी, कमला शर्मा, अरुण कुमार, धनीराम और रामकली जैसे लोग शामिल हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

**पत्रांक : 2262/ग्रा.अ.वि./ई-निविदा/निर्माण/2025-26** **दिनांक 31.03.2026**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू. में (जीएसटी छोडकर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2025-26 में संतुलित क्षेत्रीय विकास (पूर्वान्चल) निधि (राज्यांश) मा. सदस्य विधान परिषद् गोण्डा/बलरामपुर योजनान्तर्गत। | | | | |
| 01 | गोण्डा | ग्राम पंचायत मझारा में लुटईपुरवा में काली माता मन्दिर के बगल से होते हुये रोजअली के घर के बगल सी.सी. रोड तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य। | 30.97 | 0.62 | 300+500 +GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 22.04.2026 से 30.04.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-30.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-30.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-गोण्डा**

UPID-249792 Date:13.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## श्रद्धा व उल्लास से मनी डॉ. आंबेडकर जयंती

**बरहज,देवरिया।** सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के कपरवार स्थित आवास पर भारत रत्न आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल गोस्वामी, चंद्रिका प्रसाद, सुशील कन्नौजिया, सुरेंद्र कन्नौजिया, बिपिन गोंड, राज कुमार बारी, केशव प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, बालेश्वर पासवान, बिनानंद प्रसाद, शिवनाथ चौहान, दीपान्शु भारती और राजाराम साहनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर, वंचित और शोषित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## पडरौना में रामधाम पोखरा पर पुल का शिलान्यास

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के रामधाम पोखरा पर मंगलवार को विकास की एक बड़ी सौगात की नींव रखी गई। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिह और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने तकरीबन 2.03 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतीक्षित पुल का विधिवत शिलान्यास किया। प्रस्तावित पुल 12 मीटर लंबा और 9 मीटर चौड़ा होगा, जो पडरौना शहर को विशुनपुरा ब्लॉक के कई गांवों से जोड़ते हुए बिहार सीमा तक आवागमन को आसान बनाएगा। बताते कि लंबे समय से इस पुल की मांग क्षेत्रीय जनता कर रही थी, जिसे अब धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी। किसान अपने उत्पाद आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे, वहीं छात्रों और मरीजों के लिए सुरक्षित और तेज मार्ग उपलब्ध होगा। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इसे जनता की वर्षों पुरानी मांग बताते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## महिलाएं सिर्फ मतदान केंद्र तक नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्र में बैठकर तय करेंगी नीतियां

**कुशीनगर।** भारतीय लोकतंत्र एक बड़े बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 2026 को इतिहास उस समय के रूप में याद करेगा, जब वर्षों से उपेक्षित 'आधी आबादी' को सियासत में उसका असली हक मिला। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की राजनीतिक सोच में क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक बन चुका है। उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता मणि त्रिपाठी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के संघर्ष, धैर्य और संकल्प की जीत है। उन्होंने कहा कि 27 वर्षों तक राजनीतिक गलियारों में उलझा यह मुद्दा आखिरकार मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीयत के चलते साकार हुआ।

# सामाजिक न्याय के इतिहास में डॉ. आंबेडकर का योगदान प्रेरणादायक

**देवरिया।** मंगलवार, भारत के संविधान और सामाजिक न्याय के इतिहास में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान प्रेरणादायक है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मेहड़ा पुरवा स्थित डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि डा अंबेडकर ने न केवल संविधान निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व किया, बल्कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों की नई चेतना भी जगाई। हर साल 14 अप्रैल को उनकी जयंती मनाई जाती है। यह दिन उन्हें सम्मान देने और उनके विचारों को समझने का है। उनका जीवन सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी ज्ञान से बदलाव लाया जा सकता है। इसी क्रम में देवरिया नगर के महाराणा प्रताप शक्ति केंद्र रामगुलाम टोला में नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर के लोकप्रिय विधायक डॉक्टर शलभ मणि त्रिपाठी रहे तथा विशिष्ट तिथि नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, एवं वरिष्ठ नेता प्रेम अग्रवाल रहे। अतिथियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन हमें संघर्ष, शिक्षा और समानता का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी और समाज के हर वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि



बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा हथियार है, जिससे समाज को बदला जा सकता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर गोविंद चौरसिया, जितेंद्र सिंह, नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, रविशंकर नाथ त्रिपाठी ,नगर उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, बजरंगी मणि, अटल बरनवाल, संजय पांडे, शक्ति केंद्र संयोजक राजन पांडे, नगर मंत्री अमन वर्मा, अतुल पासवान, हरेंद्र पाल, नगर कोषाध्यक्ष अनूप शर्मा, मारकंडे गिरी, दंगल सिंह, ह्दयानंद गौड़, अमित सोनकर, दीपक श्रीवास्तव, मिनती देवी, यशोदा देवी, जय राम तिवारी, छोटे चौहान, गोलू जायसवाल, वीरू राजभर, अंकित वर्मा, देवेंद्र तिवारी, शिवांश श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता उपस्थित है।

## व्यक्ति नहीं विचार थे डॉ भीमराव आंबेडकर : पवन मिश्र

बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के 135 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा देवरिया विधानसभा के नगर पालिका क्षेत्र देवरिया के रामनाथ देवरिया में बूथ संख्या- 272 पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण- पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नही विचार थे, उन्होंने लोगो को असमानताओं को दूर करने का मार्ग दिखाया और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के साथ लोगो को अपने संवैधानिक अधिकारों को प्रति जागरूक किया। बाबा साहब ने अपना जीवन कमजोर वर्गो के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक युगदर्शी विचारधारा के प्रतीक थे, देश के लिए किए गए उनके योगदान आने वाली पीढ़ियों को देश की सेवा और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण मिश्र, डॉ ब्रह्मा सिंह, राजेश पासवान, विजेंद्र चौहान, रामजीत शर्मा, दुष्यंत सिंह ,राघवेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, वीरेंद्र पाठक, हरिश्चन्द्र गुप्ता, विजय कुशवाहा उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व हिंदू महासंघ का स्थापना दिवस

**कुशीनगर।** भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना के अद्भुत संगम के बीच विश्व हिंदू महासंघ के 45वें स्थापना दिवस का आयोजन कप्तानगंज क्षेत्र के गंभीरपुर गांव मे स्थित श्री रामजानकी मंदिर परिसर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। बतौर मुख्य अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने भगवान हनुमान की भक्ति, सेवा और समर्पण को जीवन का आदर्श बताते हुए समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेपी इंटर कॉलेज कप्तानगंज के प्रधानाचार्य राम प्रसाद ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में संगठन के जिला पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जिला अध्यक्ष रामदरश शर्मा, उपाध्यक्ष आर.के. भट्ट एवं ज्ञानवर्धन गोविंद राव, महामंत्री सीमा कसौधन, जिला मंत्री डॉ. चंदन कुमार गोंड सहित शिक्षक एवं पत्रकार आफताब आलम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कांग्रेस ने मनायी डॉ. भीमराव ओबेडकर की जयंती



**इटावा।** भारतीय संविधान के नायक भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय नगर पालिका पर धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस जिलाअध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने समस्त कांग्रेसजनों के साथ माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कांग्रेसजनों के साथ कलेक्ट्रेट बुद्ध बिहार एवं पुराना बिजलीघर स्थित स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, अतुल आक्रोश दुबे, प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, सुरेंद्र प्रताप सिंह चैहान, वाचस्पति द्विवेदी, डॉ. आर.बी. सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी, आशाराम कठेरिया, अवनीश वर्मा, अनुराग कर्ण, अरुण यादव, भरथना रणवीर सिंह यादव, सचिन संखवार, सुधीर कुमार शर्मा, प्रदीप द्विवेदी, अमन तिवारी, राहुल, मो. आदिल आदि कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन आसिफ जादरान ने किया।

## कचोरा रोड पर दौड़ते डंपर में लगी आग

**जसवंतनगर, इटावा।** मंगलवार को ग्राम सकौआ के पास कचोरा रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दौड़ते डंपर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होने लगीं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। डंपर के टायर के पास स्थित डीजल टैंक के नजदीक एक्सल में अचानक आग भड़क उठी। उसी दौरान मौके से गुजर रहे थानाध्यक्ष कमल भाटी और उपनिरीक्षक शुभम वर्मा की नजर डंपर से उठती लपटों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए चालक को इशारा कर वाहन रुकवाया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने पास स्थित पेट्रोल पंप से अग्निशमन सिलेंडर मंगवाया। इसके बाद कांस्टेबल संजय को डंपर पर चढ़ाकर फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ के चलते कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो डीजल टैंक में विस्फोट हो सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ।

## डीएम ने दी आंबेडकर को श्रद्धांजलि

**इटावा।** डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित किया गया। उन्होंने भारत रत्न डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर का 135वां जन्मदिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता का कार्य किया एवं गरीब महिला, नौजवान किसान भाइयों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि पंच तीर्थ की स्थापना की ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है जो पड़ेगा वह बढ़ेगा एवं उन्होंने ऊच, नीच के भाव से निकाला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल को हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया एवं उनका एक ही मूल मंत्र था की दो रोटी कम खाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलानी है। उन्होंने कहा हमें भी सभी के साथ सम्मान व्यवहार रखना चाहिए एवं उनके विचारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं उनके पद चिन्हों पर अवश्य चलना चाहिए यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर, एसडीएम न्यायिक सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## माय भारत की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया




**जसवंतनगर, इटावा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के माय भारत के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सरायभूपत कटेखेड़ा स्थित अंबेडकर पार्क में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपनिदेशक सोनिका चंद्रा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों ने तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा व चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रेमकुमार शाक्य, ऋषभ पाठक, राजेंद्र यादव और लालमन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश के हर नागरिक को समानता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। ऋषभ पाठक ने कहा कि महिलाओं और पिछड़े वर्ग के उत्थान में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने अतिथियों को बुद्ध एवं अंबेडकर के चित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, युवा व महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सपा ने जयंती पर डॉ. अंबेडकर को किया याद

**इटावा।** सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ सुप्रसिद्ध राजनेता और समाज सुधारक संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया, इसके बाद अंबेडकर चौराहा पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम, सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, अनीता दिवाकर, केपी शाक्य, अनवार हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष राजपूत, बृजेंद्र यादव, प्रवीण कुशवाहा, मालती यादव, दीपी सिंह, देवेंद्र भदौरिया, मयंक बिधौलिया, मनोज राणा, नफीसुल अंसारी, संतोष राजपूत, राजपाल सिंह यादव, किशन यादव, आदित्य गोविंद यादव, राजीव चंदेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फरहान शकील, कमलेश चंद्र यादव, उमेश राजपूत दुल्ले, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, नगर अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, बृजमोहन राजपूत मौजूद रहे।

## आंबेडकर जयंती पर शिवपाल यादव ने किया माल्यार्पण

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर के मोहल्ला कोठी कैस्त में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं स्थानीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की इसके साथ गाँव डुडहा, धरवार में भी पहुँच कर सभा संबोधित की। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दुनिया के विभिन्न संविधानों का अध्ययन कर भारत को एक सशक्त संविधान दिया, जिसके चलते आज हर नागरिक को अपने अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना होगा और संविधान की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

## कांग्रेस ने मनायी आंबेडकर जयंती



**देवरिया।** टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा पूर्वक आयोजित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं उनके जीवन संघर्ष के बारे में चर्चा की। उनके शिक्षित बनो, संगठित बनो व संघर्ष करो के उपदेश को आत्मसात करने की बात कही। उपस्थित कांग्रेस जनों ने वंचित व शोषित तबके के लोगों को जागरुक करने एवं सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविन्द शाही, अब्दुल जब्बार, रामशीष साहनी, जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, नौशाद खान एपी, मुकुंद भास्कर मणि, वरुण राय, संजीव कुमार मिश्रा, शहनाज जफर, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रजनीश प्रसाद, मिर्जा खुर्शीद अहमद, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, विजय शंकर मिश्रा, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, सत्यप्रकाश मणि जवाहरलाल चौहान, सुहेल अंसारी, पन्नालाल पाठक, राजकुमार यादव, रमेश कुशवाहा, धर्मवीर भारती, डॉ.सी.पी.चौहान, निर्मला वर्मा, योगेश मिश्रा, गोपाल दुबे, वासुदेव तिवारी, डॉ.संजय गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# समानता के संदेश के साथ मनी आंबेडकर जयंती नगर में गूंजे बाबा साहब के विचार

- समान अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक बाबा साहब का जीवन

**कुशीनगर।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पडरौना नगर मे सम्मान और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। नगर के सुभाष चौक कठकुइयां मोड़ स्थित डॉ. भीमराव के प्रतिमा पर पडरौना नगरपालिका परिषद प के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगो ने एक स्वर में बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन सामाजिक न्याय और समान अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'हर वर्ग को बराबरी का हक दिलाने के लिए उनका संघर्ष आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनके विचार आज भी उतने ही



प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता के समय थे'। जयंती से एक दिन पहले ही नगर पालिका के निर्देश पर प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई, धुलाई और सजावट कर वातावरण को श्रद्धामय बनाया गया था। दीप प्रज्वलन के साथ पूरे स्थल को आकर्षक रूप दिया गया, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए गये मार्ग पर चलने का संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ संतराम सरोज, अशोक गुप्ता, विक्रम प्रसाद, मनीष प्रसाद, भारत चौधरी, राजेश जायसवाल, आकाश वर्मा, घनश्याम यादव, अनिल कुमार, सचिन शाह, राजेश कुशवाहा, गौरव चौबे, मनोज जायसवाल, संतोष चौहान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

# बैसाखी खुशियों, समृद्धि व संकल्प का त्यौहार



**इटावा।** उत्साह, उमंग, खुशियों और संकल्प का त्यौहार खालसा साजना दिवस बैसाखी परम्परागत उल्लास और उत्साह के माहौल में मनाया गया, सुबह से ही गुरूद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब धार्मिक जयकारों के जाप से गूंजता रहा। गुरूद्वारा में बैसाखी पर श्रद्धालुओं ने अखण्ड पाठ में भाग लिया। गुरूद्वारा में सजे दरबार के दौरान रागी जत्थे द्वारा मधुर शब्द कीर्तन गायन किया गया। बच्चों ने धार्मिक कविता, पाठ में भी भाग लिया। इस अवसर पर गुरूद्वारा में आने वाली सभी संगत, श्रद्धालू, स्त्री, नौजवान, बड़े, बूड़े और बच्चों ने सभी के भले की सुख समृद्धि के लिये सभी की खुशियों के लिये अरदास की। वैशाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुये गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालरा ने बताया कि बैसाखी मुख्य रूप से समृद्धि, खुशियों और संकल्प का त्योहार है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। गुरुगोविंद सिंह ने बैसाखी के विशाल समागम में कौम के लिए शहीदी के जजबे की पांच सिक्खों की परीक्षा ली, गुरु और सिक्ख धर्म के प्रति पांच सिक्खों की निष्ठा और समर्पण को देखते हुये गुरू साहिब ने उन्हें अमृत छकाया और पांच प्यारों का नाम दिया। इस अवसर पर दीपिंदर अरोड़ा, सरदार मनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह पप्पी, गुरमीत सिंह साहनी, त्रिलोचन सिंह व साहिब सिंह ने मिलकर सहयोग के लिये गुरूद्वारा कमेटी की ओर से सभी का आभार जताया और कमेटी ने सभी को वैशाखी की बधाई दी।

## यूपीयूएमएस में रक्तदान शिविर आयोजित

**इटावा।** उप्र आयुर्विज्ञान विवि, सैफई में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा व सम्मान से मनाई गई। इस अवसर पर विवि परिसर स्थित ऑफिसर्स क्लब में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विवि के चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके अतिरिक्त विवि के सभागार में एक विशेष जयंती समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कुलपति डॉ. अजय सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि, जागरूकता अभियान की शुरुआत

**देवरिया।** जनपद में 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मंगलवार को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस श्रद्धा, सम्मान और गंभीरता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन केंद्र देवरिया में सुबह 8 बजे विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को नमन किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार, द्वितीय अग्निशमन अधिकारी विशाल यादव सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, आपदा मित्र और फायर वालंटियर्स बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने शहीद अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अग्निशमन विभाग द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में अग्निशमन वाहनों के साथ कर्मियों ने लोगों को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। साथ ही आमजन के बीच हैंडबिल एवं पंपलेट वितरित कर आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग ने 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाने की घोषणा की है। इस दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अग्नि सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम, मॉक ड्रिल, फायर सेफ्टी चेकिंग एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना और आपदा के समय सही प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना है।

## देवरिया में भव्य रूप से मनी डॉ.आंबेडकर जयंती, विभिन्न संस्थानों में हुए कार्यक्रम

**देवरिया।** निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जनपद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती गरिमापूर्ण एवं भव्य ढंग से मनाई गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, राजकीय अनुसूचित छात्रावासों, वृद्धाश्रम, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं विभागीय कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना (बरियापुर) में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में विधायक ने बाबा साहब के कार्यों एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भी छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा छात्र जीवन में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, नाथनगर एवं रघवापुर में सभासद अरुण कुमार गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ. अंबेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व, समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों, उनके जीवन, शिक्षाओं तथा संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही छात्रावास में निवासरत छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीरता से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया गया। वृद्धाश्रम मेहड़ा पूर्वी में समाजसेवी मनोज मैथिल एवं रेनू सिंहा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संवासियों के साथ गोष्ठी कर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भव्यतापूर्वक मनाई गई।

# आंबेडकर जयंती पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कक्ष में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डॉ. अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन, संघर्ष एवं उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अत्यंत कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प एवं कठोर परिश्रम के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज में समानता, न्याय एवं अधिकारों की स्थापना के लिए निरंतर कार्य किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति



के पश्चात संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो आज देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार एवं न्याय प्रदान करने का आधार है। उन्होंने देश के प्रथम कानून मंत्री के रूप में कार्य करते हुए महिलाओं के अधिकारों, श्रमिकों के हितों, सामाजिक न्याय तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान हेतु आरक्षण व्यवस्था सहित अनेक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कानूनों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि डॉ. अम्बेडकर जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव, असमानता एवं अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक रहा है। उनके विचार आज भी समाज को एकता, समानता एवं बंधुत्व की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकार सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया।

## युवकों ने घायल किया

**बकेवर, इटावा।** गाँव हर्राजपुर के पास स्विग पूल में अपने दोस्तो के साथ नहाने आये चार युवको को दो नामजद सहित अज्ञात लोगो ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। इकदिल थाना क्षेत्र के ग्राम उधन्नपुदा निवासी आर्यन पुत्र देवेन्द्र सिंह ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह गुरुवार को अपने मित्र साहिल, गौतम, प्रियांशू निवासी ग्राम मनियांमऊ थाना इकदिल के ग्राम स्विग पूल मे नहाने आये हुए थे उसी दो नामजद सहित अपने 10, 15 अज्ञात लोगो के साथ हाथो में लाठी डंडा और धारदार हथियारो से लैस होकर आये और गाली-गलौज करने लगे जब हम लोगो ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित एक राय होकर मार पीट करने लगे।

# डिजिटल सुरक्षा की पहल

बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड के कारण किसी की भी जमा रकम, बैंक-बैलेंस सुरक्षित नहीं रह गया है। फ्राडिये बैंक खाते में सेंधमारी करके पूरी बचत उड़ा दे रहे हैं। ऐसे में आरबीआई डिजिटल सुरक्षा को लेकर जो उपाय लागू करने का प्रयास कर रहा है वह सराहनीय है। अपनी शुरूआत के एक दशक बाद यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई देश की डिजिटल भुगतान व्यवस्था का अनिवार्य अंग बन चुका है। यह तेज गति से मुद्रा हस्तांतरण से लेकर परस्पर संचालन के जरिये विभिन्न प्लेटफॉर्म और संस्थानों के बीच अबाध गति से लेनदेन सुनिश्चित करता है। 45 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ यह हर माह करीब 22 अरब लेनदेन करता है और मार्च में इस लेनदेन का मूल्य करीब 29.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार इसने भारतीयों के लेनदेन के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। बहरहाल, एक ओर जहां वृद्धि में अब धीमापन आ रहा है वहीं धोखाधड़ी का जोखिम लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार धोखाधड़ी के रिपोर्ट हुए



मामले 2021 के 2.6 लाख से बढ़कर 2025 में करीब 28 लाख तक पहुंच गये। इनका सालाना मूल्य 22,000 करोड़ रुपये का स्तर पार कर गया। ध्यान देने वाली बात है कि धोखाधड़ी के 98.5 फीसदी मामले 10,000 रुपये से अधिक मूल्य के थे। इस संदर्भ में हाल ही में रिजर्व बैंक की ओर से जारी परिचर्चा पत्र 'एक्सप्लोरिंग सेफगार्ड्स इन डिजिटल पेमेंट्स टु कर्ब फ्रॉड्स' में यह प्रस्ताव रखा गया है कि उच्च मूल्य के नकदी हस्तांतरण में एक घंटे का विलंब किया जाये। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक अगर 50,000 रुपये से अधिक का लेनदेन करें तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा उसका प्रमाणन किया जाये। कम क्रेडिट टर्नओवर खातों के लिए 25 लाख रुपये वार्षिक प्रवाह सीमा और एक 'व्हाइटलिस्टिंग' (चुनिंदा विश्वसनीय चीजों को अनुमति देना बाकी को रोक देना) तंत्र का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके तहत भुगतानकर्ता कुछ लेनदेन को अधिकृत कर सकते हैं ताकि वे विलंब को दरकिनार कर सकें। रिजर्व बैंक ने यह सही चिन्हित किया है कि धोखाधड़ी की प्रकृति भी बदली है। आज धोखाधड़ी के अधिकांश मामले ऐप्स से होते हैं या अधिकृत पुश भुगतान से होते हैं। उपयोगकताओं के साथ धोखा करके छद्म कॉल, छद्म पहचान या आकस्मिक जरूरत का हवाला देकर उनसे पैसे ले लिए जाते हैं। यूपीआई जैसी रियल टाइम प्रणाली में एक बार पैसा चला जाने के बाद उसकी वसूली करना मुश्किल होता है। यही वजह है कि बचाव और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उच्च-मूल्य हस्तांतरण के लिए प्रस्तावित एक घंटे की देरी उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर पुनर्विचार या उसे रद्द करने का एक अवसर दे सकती है, और बैंकों को संदिग्ध गतिविधियों को चिन्हित करने का समय मिल सकता है। सिंगापुर, ब्रिटेन और स्वीडन जैसे देशों के अनुभव से पता चलता है कि ऐसी 'कूलिंग-ऑफ' अवधि धोखाधड़ी को कम कर सकती हैं। यह सब नियमित भुगतानों को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किए बिना हो सकता है। यद्यपि कुछ ढांचागत दिक्कतें बरकरार हैं। लेनदेन में देरी यूपीआई के त्वरित भुगतान के बुनियादी वायदे के विरुद्ध है। बैंकों को भी अलर्ट और धन वापसी आदि की नई प्रणालियों में निवेश करना होगा। इससे लागत और समन्वय की चुनौतियां बढ़ेंगी। धोखाधड़ी करने वाले उपयोगकर्ताओं को 'व्हाइटलिस्टिंग' के माध्यम से सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने के लिए भी मना सकते हैं। विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा प्रमाणीकरण भी वास्तविक लेन देन में देरी कर सकता है। इसलिए इन खामियों को दूर करने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण होगी। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी, बैंकों के बीच बेहतर डेटा साझा करने और वास्तविक समय में जोखिम का आकलन आदि संदिग्ध रुझानों का पता लेनदेन पूरा होने के पहले लगाने में मदद कर सकते हैं। इन उपायों से सही मायने में धोखाधड़ी को बहुत सीमित किया जा सकता है।

## विचार

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

# नवाचार की तरफ बढ़ रही फार्मा इंडस्ट्री



जगत प्रकाश नड्डा



वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। लंबे समय से जेनरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फामेर्सी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है। यह विजन गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा।

> अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिजाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटिबायोटिक, वैक्सीन, एंजाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है। अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

> उच्च मूल्य चिकित्सा सेवाओं का केन्द्र बन कर उभर रहा है देश

भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। 1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किये जायेंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनायेंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेजी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपाय जीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी।

जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगति और बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही ?4 लाख करोड़ से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है।

अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है। निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन, विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

**(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री हैं)**

## सोशल मीडिया



देश में सामाजिक परिवर्तन के पितामह के रूप में प्रसिद्ध बहुजन समाज में अति पिछड़े वर्ग में जन्मे महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर शत शत नमन। मायावती.



देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़वों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है। मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ यह आपसे कह रहा हूं। पीएम मोदी.



नॉर्थ 24 परगना और नादिया ने आज जोरदार और साफ आवाज में अपनी बात कह दी है। उनका फैसला पहले ही आ चुका है। बंगाल के लोग झूठे के आगे नहीं झुकेंगे। ममता बनर्जी.

# क्रोध पर विजय

## अंतर्दृष्टि

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, अपने आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# भ्रष्टाचार की कचौरी.....

## व्यंग्यलोक

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है। न ही कोई प्रणाम। इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी, सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है।

कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रूठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। दलाल देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्री जी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं। **– रामविलास जॉगिड़.**

# समकालीन कला: अभिव्यक्ति बाजार और तकनीक का द्वंद्व



## कला जगत

समकालीन कला केवल 'स्व' और 'सौंदर्य' की खोज तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने समय की जटिलताओं, अंतर्विरोधों और प्रश्नों का सृजनात्मक दस्तावेज भी है। आज का कलाकार ऐसे युग में सृजन कर रहा है जहाँ तकनीक तीव्र गति से विकसित हो रही है, बाजार का प्रभाव बढ़ रहा है, राजनीति परिवर्तनशील है और पहचान से जुड़े प्रश्न अधिक तीखे हो उठे हैं। इन परिस्थितियों ने समकालीन कला के सामने अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे खड़े कर दिए हैं। सबसे प्रमुख प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का है। कला का स्वभाव ही प्रश्न करना और असहमति को व्यक्त करना है, किंतु जब सामाजिक और राजनीतिक संवेदनाएँ तीव्र हो जाती हैं, तब कलाकार की स्वतंत्रता विवादों में घिर जाती है। कई बार कला-प्रदर्शनियों या फिल्मों पर प्रतिबंध और विरोध यह दशार्ते हैं कि रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन साधना कठिन हो गया है। कलाकार के सामने चुनौती यह है कि वह सत्य के प्रति ईमानदार रहते हुए समाज की विविध संवेदनाओं का भी सम्मान करे।



डॉ. अवधेश मिश्र

दूसरा महत्त्वपूर्ण मुद्दा कला का बाजारीकरण है। वैश्विक कला-बाजार और गैलरी-प्रणाली ने कला को निवेश और प्रतिष्ठा का माध्यम बना दिया है। इसके परिणामस्वरूप कई बार कला का मूल्यांकन उसकी वैचारिक गहराई के बजाय उसकी बिक्री-क्षमता से होने लगता है। डिजिटल युग में एनएफटी और आर्ट-फेयर जैसी प्रवृत्तियों ने कलाकारों को वैश्विक मंच तो दिया है, पर साथ ही कला को उपभोग की वस्तु बना देने का खतरा भी बढ़ा है। तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव समकालीन कला का सबसे चर्चित आयाम बन गया है। वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और एआई-आधारित सृजन ने कला की सीमाओं को विस्तृत किया है। अब दर्शक केवल कला को देखता नहीं, बल्कि उसमें सहभागी भी बनता है। डिजिटल माध्यमों ने कला को लोकतांत्रिक बनाया है, जिससे नए कलाकार वैश्विक दर्शकों तक पहुँच पा रहे हैं। किंतु इसके साथ मौलिकता, सृजनाधिकार और मानवीय संवेदना के प्रश्न भी उठ खड़े हुए हैं। यह बहस जारी है कि मशीन द्वारा निर्मित कला में 'रचनाकार' किसे माना जाए और क्या वह मानवीय अनुभव की गहराई को व्यक्त कर सकती है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में भी यह परिवर्तन स्पष्ट है। कला-मंचों और आयोजनों में डिजिटल और न्यू-मीडिया कला की बढ़ती उपस्थिति यह दशार्ती है कि भारतीय कलाकार वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ सक्रिय संवाद कर रहे हैं। हालांकि इससे कला के बाजारीकरण की प्रवृत्ति भी तेज हुई है, फिर भी यह नवाचार और विचार-विमर्श के नए अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त पहचान और प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी केंद्र में है। स्त्रीवाद, दलित विमर्श, आदिवासी चेतना और लैंगिक विविधता ने कला के दायरे को विस्तृत किया है। कला अब विविध सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन रही है, जिससे उसकी लोकतांत्रिकता बढ़ी है। साथ ही पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन और प्रकृति के साथ मानव के संबंध जैसे विषय भी कला के प्रमुख सरोकार बन गए हैं। समकालीन कला के ये सभी आयाम यह स्पष्ट करते हैं कि कला एक जीवंत और गतिशील प्रक्रिया है। वह अपने समय के साथ संवाद करती है और समाज को आत्मबोध प्रदान करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कला में स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व, परंपरा और नवाचार, तथा बाजार और मूल्य के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, ताकि कला केवल दृश्य आनंद का माध्यम न रहकर संवेदना और विचार की सशक्त अभिव्यक्ति बन सके।

**(लेखक कलाचार्य हैं)**

## आपकी बात

### औद्योगिक कौशल का विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बड़ा संकट है वायु प्रदूषण

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआई आर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**आदित्य कुमार वर्मा, लखनऊ.**

## संक्षेप

### 73 प्रतिशत बच्चों की व्यक्तिगत स्मार्टफोन तक पहुंच है

बंगलुरु। जेन अल्फा एक डिजिटल रूप से गहराई से जुड़ी पीढ़ी है, जो भारत की आबादी के एक चौथाई से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करती है। इस पीढ़ी के 73 प्रतिशत बच्चों के पास पहले से ही व्यक्तिगत स्मार्टफोन की पहुंच है और 60 प्रतिशत लैपटॉप का उपयोग करते हैं। यह एक ऐसी पीढ़ी है जिसने तकनीक के भीतर स्वतंत्रता का अनुभव किया है। जेनरेशन अल्फा को और बेहतर समझने के लिए, रुकम कैपिटल ने अपनी तरह की एक अनोखी रिपोर्ट जेन अल्फा डिकोडेडः द कंज्यूमर-ब्रांड डायनामिक प्रस्तुत की है, जो बताती है कि वे उपभोक्ता व्यवहार और ब्रांड जुड़ाव को कैसे नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। जेन अल्फा भारत की सबसे युवा पीढ़ियों में से एक है, जिसमें घरेलू खरीद निर्णयों के 80 प्रतिशत तक को प्रभावित करने की क्षमता है।

### ओप्पो इंडिया के 600 से अधिक सर्विस सेंटर्स पर उपलब्ध हुआ वन प्लस

नयी दिल्ली। वन प्लस इंडिया का एक्सटेंडेड आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क आज से पूरे देश में मौजूद ओप्पो इंडिया के 600 से अधिक सर्विस सेंटर्स पर उपलब्ध हो गया है। पूरे भारत में विभिन्न शहरों में स्थित वनप्लस स्मार्टफोन के ग्राहक अब अपने नजदीकी ओप्पो इंडिया सर्विस सेंटर पर जाकर अपने वनप्लस स्मार्टफोन के लिए सर्विस सपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। इससे खासकर मेट्रो शहरों के बाहर रहने वाले यूजर्स के लिए सर्विस सपोर्ट बढ़ेगी। आफ्टरसेल्स सर्विस बेहतर बनाने की पिछली घोषणा के बाद वनप्लस के यूजर्स को इस एक्सटेंडेड सर्विस नेटवर्क द्वारा सपोर्ट ज्यादा सुविधा और आसानी से मिल सकेगी।

### सरकार ने की उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित

नयी दिल्ली। भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए अपने सिस्टम को काफी मजबूत बनाया है। साथ ही, सरकार ने देश भर में वास्तविक उपभोक्ताओं तक बिना किसी रूकावट के स्वच्छ ईंधन पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, अकेले 11 अप्रैल को 2700 से ज्यादा इंस्पेक्शन कर छापे मारे गए। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं का पता लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स के अचानक इंस्पेक्शन के साथ अपनी निगरानी तेज कर दी है। इन कड़े निरीक्षणों के बाद, 219 डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुमार्ना लगाया गया है, जबकि तय नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 डिस्ट्रीब्यूटरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

### बर्जर पेंट्स ने की गर्मी गॉन, ठंडक ऑन होम कूलिंग रेंज की शुरुआत

लखनऊ। साल-दर-साल बढ़ते तापमान के कारण अब ठंडा रहना सिर्फ आराम की बात नहीं रह गई है, बल्कि भारत के लाखों परिवारों के लिए यह एक रोजमर्रा की चुनौती बन गई है। इसी पृष्ठभूमि में, भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी और प्रोटेक्टिव कोटिंग्स में अग्रणी, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए एक ज्यादा बेहतर और प्रभावी समाधान देते हुए अपनी 'होम कूलिंग पेंट्स रेंज' पेश की है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में गर्मी गॉन, ठंडक ऑन कैंपेन भी शुरू किया है, जो जीवन जीने के ज्यादा स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल तरीकों को बढ़ावा देता है। यह समझते हुए कि घरों में गर्मी का एक बड़ा हिस्सा दीवारों, छतों और बाहरी ढांचों के जरिए अंदर आता है, बर्जर पेंट्स की होम कूलिंग रेंज बर्जर एंटी डस्ट कूल और बर्जर रूफ कूल एंड सील जैसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के जरिए इसका व्यावहारिक समाधान देती है। इन्हें दीवारों और छतों द्वारा सोखी जाने वाली गर्मी को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है।


### कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नयी दिल्ली। आयकर विभाग के दो प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी है कि उनकी लंबित मांगों और कामकाज के मुश्किल हालात पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे 16 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ की भागीदारी वाली संयुक्त कार्रवाई परिषद विभाग के लगभग 97 प्रतिशत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है।

# रूस से भारत का कच्चा तेल आयात तीन गुना

नयी दिल्ली। भारत की मार्च, 2026 में रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई।

यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च, 2026 में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। इस दौरान भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी ईंधन उत्पादों का आयात किया, जिनमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) रही। शेष आयात में कोयला (33.7 करोड़ यूरो) और पेट्रोलियम उत्पाद (17.85 करोड़ यूरो) शामिल रहे। फरवरी में भारत, रूस से ऊर्जा आयात करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश था और कुल आयात




1.8 अरब यूरो रहा था। उस समय कच्चे तेल की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत (1.4 अरब यूरो) थी। कोयले की हिस्सेदारी 22.3 करोड़ यूरो और पेट्रोलियम उत्पादों की 12.1 करोड़ यूरो थी। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में चार प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, लेकिन रूस से आयात दोगुना हो गया। यह वृद्धि अमेरिका द्वारा रूसी तेल पर एक महीने की प्रतिबंध छूट दिए जाने के बाद हुई। यह छूट पहले से समुद्र में मौजूद खेपों और पहले प्रतिबंधित जहाजों से हो रही आपूर्ति पर लागू थी। इसका उद्देश्य ईरान के साथ तनाव के बाद बढ़ी कीमतों को नियंत्रित करना था। इस छूट के बाद सरकारी रिफाइनरियों, जिन्होंने पहले रूस से तेल खरीद रोक दी थी, ने फिर से आयात शुरू कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च में सबसे बड़ा बदलाव सरकारी रिफाइनरियों के आयात में देखा गया, जिसमें मासिक आधार पर 148 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह आयात मार्च, 2025 की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक रहा, जिसका कारण वायदा बाजार में रूसी तेल की अधिक उपलब्धता बताया गया है। मैंगलुरु और विशाखापत्तनम स्थित सरकारी रिफाइनरियों ने नवंबर, 2025 के अंत में रूस से आयात रोक दिया था, लेकिन मार्च, 2026 में फिर से खरीद शुरू कर दी। फरवरी में भारत, चीन और तुर्किये के बाद तीसरा सबसे बड़ा आयातक था। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में रूस से भारत के कच्चे तेल आयात में 19 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि कुल आयात में नौ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। इसके बावजूद रूस फरवरी में भी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहा और कुल आयात में उसकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी। रूस अपने तेल निर्यात के लिए एशियाई बाजारों, खासकर भारत और चीन, पर अत्यधिक निर्भर है। 2026 की पहली तिमाही में रूस के कुल कच्चे तेल निर्यात का 90 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों देशों को गया।

# गोल्ड ईटीएफ में 31561 करोड़ रुपये का निवेश

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों के पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्प की ओर रुख करने से जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह गुना वृद्धि दर्शाता है। तिमाही आधार पर प्रवाह 36 प्रतिशत बढ़कर 23,132 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार (एसेट बेस) और निवेशक खातों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

इस श्रेणी में मार्च महीने में 2,266 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो फरवरी के 5,255 करोड़ रुपये और जनवरी के 24,040 करोड़ रुपये से कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में कुल प्रवाह 31,561 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-



मार्च 2025 के 5,654 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। क्रमिक रूप से प्रवाह की गति में हालांकि कुछ नरमी आई है लेकिन सोने के उत्पादों में निवेशकों की रुचि सकारात्मक बनी हुई है। मार्च में धीमे प्रवाह का कारण वर्ष की शुरुआत में मजबूत निवेश के बाद सामान्यीकरण और नए निवेश में कुछ कमी को माना जा रहा है। जनवरी में असामान्य रूप से अधिक निवेश देखा गया। इसकी मुख्य वजह जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, खंड पुनर्संतुलन और सोने की कीमतों में तेजी रही। फिर भी मार्च में सकारात्मक प्रवाह यह दर्शाता है कि बाजार की अनिश्चितता एवं व्यापक आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच सोना विविधीकरण के साधन के रूप में निवेशकों को आकर्षित करता रहा है। मजबूत निवेश प्रवाह से मार्च 2026 के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) लगभग तीन गुना बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो एक वर्ष पहले 58,888 करोड़ रुपये थीं। हालके वर्षों में बेहतर रिटर्न देने के कारण सोने में निवेशकों की रुचि बढ़ी है। घरेलू भौतिक सोने की कीमत पर नजर रखने के उद्देश्य से बनाए गए गोल्ड ईटीएफ भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करने वाली इकाइयां होती हैं, जो कागजी या डीमैट रूप में हो सकती हैं।

# चीन का निर्यात मार्च में 2.5 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। चीन का निर्यात मार्च में सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़ा जो पिछले दो महीनों की तुलना में काफी कम रहा। ईरान युद्ध से ऊर्जा कीमतों तथा वैश्विक मांग पर प्रभाव से अनिश्चितता बढ़ गई है।

चीन की सीमा शुल्क एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी मार्च के निर्यात आंकड़े विश्लेषकों के अनुमानों से कम रहे। वहीं जनवरी-फरवरी में दर्ज 21.8 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि की तुलना में भी काफी नीचे हैं। आयात पिछले महीने 27.8 प्रतिशत बढ़ा जो इस वर्ष के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर 19.8 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। ईरान के साथ जारी युद्ध के प्रभाव से इस वर्ष चीनी निर्यात की समग्र वैश्विक मांग प्रभावित हो सकती है। ईरान युद्ध के वैश्विक मांग और आपूर्ति शृंखलाओं पर असर पड़ने के कारण चीन के निर्यात में गिरावट आई है। बैंक ऑफ अमेरिका की प्रबंध निदेशक हेलेन कियाओ के नेतृत्व में अर्थशास्त्रियों ने एक हालिया शोध पत्र में लिखा कि जनवरी और फरवरी में चीन के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट के कारण मांग में कमी आने के आसार हैं। विश्लेषक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में प्रस्तावित बीजिंग यात्रा पर भी करीबी नजर रख रहे हैं जहां वह चीन के नेता शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे।

# माल ढुलाई वाहन में अतिरिक्त भार पर अब प्रतिशत के आधार पर शुल्क, नये नियम 15 अप्रैल से

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने माल ढुलाई वाहनों में उनकी क्षमता से अतिरिक्त भार पर शुल्क संरचना में बदलाव किया है।

अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों से जितना अतिरिक्त भार होगा उसी के आधार पर शुल्क वसूला जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर और संग्रह का निर्धारण) चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्गों



पर अतिरिक्त भार वाले वाहनों के लिए तर्कसंगत शुल्क संग्रह सुनिश्चित करना है। संशोधित नियम 15 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे। मंत्रालय के अनुसार, 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। 10 प्रतिशत से अधिक और 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार होने पर मूल दर का दोगुना शुल्क लिया जायेगा, जबकि 40 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त भार पर मूल दर का चार गुना शुल्क वसूला जायेगा।

# वाहनों की थोक बिक्री बीते वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 2.82 करोड़ इकाई के पार

नयी दिल्ली। देश में मोटर वाहनों की थोक बिक्री बीते वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,82,65,519 इकाई रही। यात्री व वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया एवं तिपहिया वाहन सहित सभी खंडों ने गत वित्त वर्ष में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती इसकी मुख्य वजह रही। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू वाहनों की कुल बिक्री 2,56,09,399 इकाई रही थी। यद्यपि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है, लेकिन अगर पश्चिम एशिया युद्ध लंबा चलता है तो इसका मांग, आपूर्ति श्रृंखला और वाहन उत्पादन पर असर पड़ सकता है। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत मामूली रही लेकिन भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वर्ष का समापन शानदार तरीके से किया है। इसमें यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, तिपहिया वाहन और दोपहिया वाहन सभी श्रेणियों ने सात वर्ष में किसी एक वित्त वर्ष में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। आखिरी बार सभी खंडों में 2018-19 में सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई थी।

# भारत की आर्थिक बुनियाद तेल संकट के प्रभाव को कम करेगी

नयी दिल्ली। भारत की मजबूत वृहद आर्थिक और वित्तीय बुनियाद कच्चे तेल की कीमतों में लगातार होने वाले उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने में मददगार हो सकती है।

हालांकि, अगर 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो आर्थिक वृद्धि दर में 0.80 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इस परिदृश्य के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ट्रेडमार्क, पेंटेंट तथा अन्य संपत्ति की समय बढ़ने के साथ लागत में कमी के आकलन से पहले की आय (ईबीआईटीडीए) में 15-25 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज में 0.5 गुना से एक गुना तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं बैंकिंग क्षेत्र की परिसंपत्ति की गुणवत्ता कमजोर हो सकती है, जिससे एनपीए (गैर-




निष्पादित परिसंपत्ति) लगभग 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न झटकों से भारत अछूता नहीं है। ऊर्जा की उंची कीमतों और आपूर्ति में व्यवधान की समस्या कई महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। हालांकि, कंपनियों का मजबूत बही-खाता, बैंकों में अच्छी पूंजी और मजबूत बाह्य स्थिति इस प्रभाव से बचाव प्रदान करेंगे। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने तनावपूर्ण स्थिति में ब्रेंट क्रूड की कीमत 2026 में 130 डॉलर और 2027 में 100 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जबकि तुलनात्मक आधार पर यह कीमत क्रमशः 85 डॉलर और 70 डॉलर है। एजेंसी को भारत की रेटिंग पर तत्काल किसी प्रभाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, राजकोषीय मोर्चे पर मजबूत प्रयासों को अस्थायी रूप से झटका लग सकता है। तेल की उंची कीमतों से चालू खाते घाटा बढ़ सकता है। अनुमान के अनुसार, 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से यह घाटा जीडीपी के लगभग 0.4 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जोखिम से बचने की धारणा और बढ़ते आयात बिल के कारण रुपये की विनिमय दर का दबाव भी पड़ सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ऊर्जा संकट का असर कच्चे माल की उंची लागत, घटते कॉरपोरेट मार्जिन, बढ़ती उपभोक्ता कीमतों और यदि सरकार सब्सिडी के मामले में हस्तक्षेप करती है तो बढ़ते राजकोषीय दबाव के रूप में सामने आएगा। ईंधन और पेट्रोरसायन को प्रभावित करने वाली संभावित आपूर्ति बाधाओं से भी वृद्धि प्रभावित हो सकती है। इन जोखिमों के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था ने 2026 में मजबूत वृद्धि, अच्छी घरेलू मांग और कम मुद्रास्फीति के साथ कदम रखा है।

# जीएम मॉड्यूलर ने स्मार्ट लिविंग स्टूडियो लॉन्च किया

लखनऊ। जीएम मॉड्यूलर ने लखनऊ में अपना जीएम स्मार्ट लिविंग स्टूडियो लॉन्च किया है। यह लॉन्च उत्तर भारत में कंपनी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गोमती नगर के प्रमुख इलाके में स्थित यह नया शोरूम है और इसे एक प्रीमियम, एक्सपीरिएंशियल रिटेल वातावरण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस स्टूडियो में जीएम मॉड्यूलर के विस्तृत और विकसित होते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें मॉड्यूलर स्विचेस, लग्जरी लाइटिंग सॉल्यूशंस, एडवांस्ड होम ऑटोमेशन सिस्टम, फैन और घरेलू उपकरण, म्यूजिक एवं मोबाइल एक्सेसरीज तथा अन्य स्मार्ट लिविंग इनोवेशन शामिल हैं। 14 अप्रैल 2026 को आयोजित भव्य लॉन्च इवेंट में आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स, चैनल पार्टनर्स



और ग्राहकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर सुनील शेट्टी ने भी विशेष उपस्थिति रहे। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जीएम मॉड्यूलर के चेयरमैन रमेश जैन ने कहा कि लखनऊ और उत्तर प्रदेश का बाजार हमारी ग्रोथ के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जीएम स्मार्ट लिविंग स्टूडियो के लॉन्च के साथ हम उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहे हैं और अपने ग्राहकों के और करीब आ रहे हैं। लखनऊ में एक समर्पित डिपो के माध्यम से हम तेज सेवाएं भी सुनिश्चित करेंगे। मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में हम विजयवाड़ा में एक नई यूनिट के साथ-साथ मुंबई और हैदराबाद की अपनी इकाइयों का विस्तार कर रहे हैं, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले इनोवेटिव समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

## पेज एक का शेष

### बाबा साहेब

ने एक बड़ा कार्यक्रम अपने हाथ में लिया है। पहले चरण में सभी 75 जिलों में एक-एक स्थान पर और इसके बाद जहां बाबा साहब की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थानों पर हैं, वहां चारदीवारी और छतरी की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा आज पूरा देश भारत माता के महान सपूत को स्मरण कर रहा है, जिनका जीवन एक भारत-श्रेष्ठ भारतै की परिकल्पना को साकार करने और गरीबों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित था।

उन्होंने कहा आज हर दलित, वंचित, गरीब और महिला न्याय की अपेक्षा रखती है और उसे बाबा साहेब के विचारों में रोशनी दिखाई देती है। विपक्षी दलों की सक्रियता पर तंज कसते हुए योगी ने कहा बाबा साहेब के विचारों का जो प्रकाश फैला है, उसे हड़पने के लिए स्वार्थी ताकतें उनके नाम का उपयोग कर रही हैं और घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। उन्होंने कहा ये वही लोग हैं जिन्हें दलितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों से नफरत रही है और जिन्होंने सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। आज वे लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। योगी ने सवाल उठाते हुए कहा, बाबा साहेब और संत रविदास के नाम पर बने जनपदों के नाम क्यों बदले गए और कन्नौज के सरकारी मेडिकल कॉलेज का नाम क्यों बदला गया।

### योगी सरकार

में प्रदेश सरकार औद्योगिक शांति, श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा निवेश अनुकूल वातावरण बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में पूर्व की भांति सौहार्द, शांति एवं विकास की गति निरंतर बनी रहे।

औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश दीपक कुमार ने हाल ही में हुए घटनाक्रमों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए न्यूनतम वेतन में तात्कालिक रूप से अंतरिम वृद्धि का निर्णय लिया है, जिसमें सबसे अधिक बढ़ोतरी कुशल श्रेणी के श्रमिकों के लिए की गई है, वहीं गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में यह वृद्धि सबसे अधिक 21 प्रतिशत तक की गई है और यह नई अंतरिम वेतन दरें 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। इस प्रकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में श्रमिकों को सीधी आर्थिक राहत प्रदान की गई है। साथ ही, आगामी माह में गठित होने वाले वेज बोर्ड की अनुशंसाओं के आधार पर स्थायी न्यूनतम वेतन निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, पेंशन एवं उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी नई योजनाओं पर भी विचार कर रही है। अंतरिम वेतन वृद्धि के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 रुपये से बढ़ाकर 13690 रुपये कर दिया गया है, अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12445 रुपये से बढ़ाकर 15059 रुपये किया गया है, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 रुपये से बढ़ाकर 16868 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य नगर निगम वाले जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 रुपये से बढ़ाकर 13006 रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन 12445 रुपये से बढ़ाकर 14306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 रुपये से बढ़ाकर 16025 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 रुपये से बढ़ाकर 12356रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन 12445 रुपये से बढ़ाकर 13591 रुपये तथा कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 रुपये से बढ़ाकर 15224 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हुए प्रदर्शन के दौरान कुछ स्थानों पर हुई हिंसात्मक घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल प्रभाव से उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति की ओर से नोएडा पहुंचकर पूरे प्रकरण की गहन जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर 20,000 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन लागू होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार हैं। वास्तविक स्थिति यह है कि भारत सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर फ्लोर वेजह्न निर्धारित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसका उद्देश्य देशभर के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की एक समान आधार रेखा सुनिश्चित करना है। समिति की ओर से प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि जनपद स्तर पर श्रमिकों के वेलफेयर एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके नम्बर 120-2978231, 120-2978232, 120-2978862, 120-2978702 हैं, इस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से श्रमिक अपनी किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा सूचना दर्ज करा सकते हैं।

### अशांति फैलाने

सबूत और सीसीटीवी फुटेज हैं, जिनके आधार पर कार्वाई जारी है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, डायल 112 और अन्य स्रोतों से लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल नोएडा में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कृष्ण ने कहा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हम उनके संपर्क में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति का भी जिक्र किया, जिसने नोएडा का दौरा करके हितधारकों से बात की और बाद में श्रमिकों की मांगों के संबंध महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के प्रति संवेदनशील है और वेतन को लेकर त्वरित निर्णय लिए गए हैं, साथ ही श्रमिकों से अपील की गई है कि वे बहकावे में न आएं और शांति बनाए रखें। इस बीच मंगलवार को नोएडा में स्थिति शांतिपूर्ण रही। पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुबह से पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सोमवार को 83 स्थानों पर करीब 42,000 श्रमिकों ने प्रदर्शन किया, लेकिन हिंसा केवल दो जगहों पर हुई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।

हिंसा के मामले में अब तक 300 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है और सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। आगे की कार्वाई जारी है। श्रमिकों का आंदोलन शांत होने के बाद मंगलवार को सेक्टर 121 में सैकड़ों घरेलू कामगारों ने एक प्रीमियम हाउसिंग सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने वेतन बढ़ाने और महीने में चार दिन की छुट्टी समेत अन्य मांगें रखीं। सुबह से दोपहर तक चले प्रदर्शन के दौरान कुछ जगहों पर पत्थरबाजी हुई और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। डीसीपी (मध्य नोएडा) शव्या गोयल ने बताया कि प्रदर्शन क्लियो काउंटी, गढ़ी चौकंडी, सेक्टर 121 और सेक्टर 70 तक सीमित रहा। उन्होंने कहा स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है और कानून व्यवस्था कायम है। गोयल ने लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की और चेतावनी दी कि गलत सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्वाई होगी।

### दिल्ली-देहरादून

दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने के बाद कहा कि वह समय से निकले थे, लेकिन उन्हें यहां पहुंचने में ही एक घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया। उन्होंने कहा कि काली मंदिर से यहां तक का रोड शो 12 किमी लंबा था और लोगों का उत्साह इतना ज्यादा था कि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया। इस देरी के लिए पीएम मोदी ने क्षमा मांगी। पीएम मोदी ने मंगलवार को 213 किमी लंबे और करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया। इस एक्सप्रेसवे से दिल्ली और देहरादून के बीच की यात्रा महज ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंच गए हैं। कुछ ही देर में वह दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। मंच पर उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद हैं। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि इस एक्सप्रेसवे से विकास को एक नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के सामने पहचान का संकट था, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार विकास के रथ को लगातार आगे बढ़ा रही है।

### आर्थिक गलियार

करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने परियोजना को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, तथा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद थे।

### उत्तराखण्ड में

है। आज के दिन को कई मायनों में खास बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर जहां दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के रूप में उत्तराखंड की विकास यात्रा को नयी गति मिल रही है, वहीं यह अवसर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का भी है। धामी ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक सौहार्द एवं समरसता को मजबूत करने के लिए वंचित वर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने मोदी के उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताकर राज्य के लोगों का उत्साहवर्धन किया, सीमांत गांव माणा में पहुंचकर उसे देश का प्रथम गांव घोषित किया और वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान वेड इन उत्तराखंड को बढ़ावा दिया।

### बिहार के

पद की शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा होनी अभी बाकी है, लेकिन तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

### छत्तीसगढ़ : विद्युत

घायलों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और चिकित्सा टीम तथा स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम घटना का पूरा विवरण जुटाने की प्रक्रिया में हैं, हमारे साझेदार तथा संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर एक विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। इस मुश्किल समय में, हमारी संवेदनाएं और गहरी सहानुभूति प्रभावित लोगों के परिवारों के साथ है।

### होर्मुज की

विचारों का आदान-प्रदान करने की उम्मीद है, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति और यूक्रेन संकट शामिल हैं। अमेरिकी नाकाबंदी पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि अस्थायी युद्धविराम समझौते के लागू रहने के बावजूद, अमेरिका ने सैन्य तैनाती बढ़ा दी और लक्षित नाकाबंदी का सहारा लिया।

### पीएम मोदी

फरवरी को एक व्यापार समझौते में हुई प्रगति की घोषणा करने और 24 मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करने के लिए फोन पर बातचीत की थी। मैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं।

### बाबा साहेब

पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा, जिससे भगदड़ मच गई। आक्रोशित भीड़ ने सात से अधिक चौपहिया वाहनों को पलट दिया और कई वाहनों को तोड़फोड़ के बाद आग के हवाले कर दिया। अंकित राठौर की दुकान में भी तोड़फोड़ कर सामान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। लाठीचार्ज में कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल हुए हैं।




# चेन्नई ने कोलकाता को दिया 193 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : सैमसन ने 48, ब्रेविस ने 41 रन बनाये, कार्तिक त्यागी को 2 विकेट

एजेंसी



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 193 रन का टारगेट दिया। चेपॉक स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। संजू सैमसन ने 32 बॉल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बॉल पर 41 रन की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 17 बॉल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल रॉय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी का 20वां ओवर डाल रहे कार्तिक त्यागी ने महज 8 रन बनाए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर डेवाल्ड ब्रेविस 41 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें कार्तिक त्यागी ने वैभव अरोरा के हाथों कैच कराया। त्यागी को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (48 रन) को बोल्ड किया। 17वें ओवर में सीएसके ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर सरफराज खान 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुनील नरेन ने 17वें ओवर की पहली बॉल पर बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 51 रन की साझेदारी टूट गई। 16वें ओवर में चेन्नई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में वैभव अरोरा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो छक्के और एक चौका पड़ा। ब्रेविस ने दूसरी बॉल पर छक्का लगाया, जबकि चौथी बॉल पर सरफराज खान के बल्ले से छक्का आया। आखिरी बॉल पर ब्रेविस ने चौका मारा। 14वें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस ने वरुण चक्रवर्ती की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। चौथी और 5वीं बॉल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। ओवर की दूसरी बॉल पर सरफराज खान ने एक छक्का भी मारा। वरुण के इस ओवर से 15 रन आए। सुनील नरेन ने 13वें ओवर में महज 3 रन दिए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। नरेन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। उन्होंने 3 ओवर महज 16 रन ही दिए हैं। सीएसके ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर संजू सैमसन 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने 12वें ओवर की दूसरी बॉल पर बोल्ड किया, पहली बॉल पर छक्का पड़ा था। 10वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

संजू सैमसन ने कॉर्तिक त्यागी के ओवर की 5वीं बॉल पर अपर कट करके छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 9वें ओवर में सुनील नरेन ने महज 5 रन दिए। उनकी पहली बॉल पर ब्रेविस के कैच आउट होने का मौका बना, लेकिन मिड ऑन पर कैच उठा था, मिडविकेट, मिड ऑन और मिड ऑफ के फील्डर इसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर्स के पहुचने से पहले बॉल जमीन पर गिर गई। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरूआत मिलीजुली रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 72 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए। आयुष म्हात्रे 38 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड 7 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में अनुकूल रॉय ने महज 8 रन दिए। उनकी पहली बॉल पर सैमसन ने छक्का लगा दिया था। बाकी की 5 बॉल पर महज दो रन ही बने। चौथे ओवर में सीएसके ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में कैमरन ग्रीन ने 21 रन खर्च कर दिए। उनकी बॉल पर आयुष म्हात्रे ने दो चौके और दो छक्के लगाए। संजू सैमसन ने सीएसके की पारी के पहले ओवर में वैभव अरोरा की बॉल पर बैक-टु-बैक 3 चौके लगाए।

उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। वैभव के इस ओवर से 14 रन आए। वहीं दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने भले ही टी20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है।

हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है। सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वे एक भी अर्धशतक नहीं बना सके थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अपने प्रदर्शन में हर हाल में निरंतरता लानी होगी। वैभव सूर्यवंशी का नाम टी20 टीम के लिए उन विशेषज्ञ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है जिन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने जून-जुलाई में आयरलैंड दौरे के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चुना है।

# संघर्षरत एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद




बेंगलुरु। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं। बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और



पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उसके शीर्ष पांच बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट में साफ झलकता है। विराट कोहली (स्ट्राइक रेट 162), फिल साल्ट (178), रजत पाटीदार (214), टिम डेविड (221) और देवदत्त पडिक्कल (201) ने आईपीएल 2026 में सभी टीमों के गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। इन पांचों बल्लेबाजों ने मिलकर चार मैचों में कुल 52 छक्के जड़े हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं और उन्होंने रेंज-हिटिंग को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी का नतीजा है कि आरसीबी में वर्तमान सत्र में अभी तक किसी भी मैच में 200 से कम रन नहीं बनाए हैं जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

कोहली में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान टखने में हल्की चोट आई थी जिससे इस मैच में उनके खेलने को लेकर अनिश्चितता थी। लेकिन कोहली अपने पैर में पट्टी बांधकर अभ्यास के लिये आये। आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। वह एलएसजी के बाद दिल्ली कैपिटल्स (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटन्स (24 अप्रैल) के खिलाफ यहां मैच खेलेगा। इसके बाद वह अपने अंतिम दो घरेलू मैच रायपुर में खेलेगा। लेकिन क्या चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुपर जायंट्स के गेंदबाजी आक्रमण से उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एलएसजी की तरफ से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। शमी की 6.2 की इकॉनमी अब तक नियमित गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन इस तिकड़ी को बेंगलुरु की सपाट पिच पर आरसीबी के बल्लेबाजों के खिलाफ सटीक गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एलएसजी तालिका में सातवें स्थान पर है और इसका मुख्य कारण उसके बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन है।

## संक्षेप

### भारत को पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स में स्वर्ण पदक

नयी दिल्ली। दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

### जूनियर टेबल टेनिस में पहली बार मेजबानी करेगा उत्तराखंड

देहरादून। उत्तराखंड पहली बार यूटीटी 87वीं अंतर प्रांत जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। लड़कियों की अंडर 19 टीम स्पर्धा बुधवार से परेड पर बने नये परिसर में होगी। लड़कों की टीम स्पर्धायें और अन्य वर्ग के मुकाबले छठे दिन होंगे। देश की 29 टीमें इसमें भाग ले रही हैं। टीमों को उनके शीर्ष तीन खिलाड़ियों के समग्र रैंकिंग अंकों के आधार पर वरीयता दी गई है।

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

# विजडन पुरस्कार : दीप्ति व अभिषेक टी20 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर



एजेंसी

लंदन। भारतीय क्रिकेटरों ने विजडन अल्मनैक 2026 पुरस्कारों में अपना दबदबा बनाते हुए नौ में से सात पुरस्कार अपने नाम किए, जिसमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी20 क्रिकेटर चुना गया। शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, ज्‍षभ पंत और रविंद्र जडेजा को पिछले साल इंग्लैंड में हुई टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के कारण विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेटरों के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया उनमें ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शामिल हैं, जिन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया।

उनके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज हसीब हमीद थे को भी चार भारतीय खिलाड़ियों के साथ वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में भी शामिल किया गया। दीप्ति को यह सम्मान पिछले साल आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 22 विकेट लेने के लिए दिया गया। इस ऑलराउंडर के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। दीप्ति ने नौ मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 215 रन भी बनाए थे। अभिषेक ने 2025 के सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। इस सत्र में उन्होंने 21 मैचों में 193 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड के दौरे के दौरान भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 754 रन बनाए और पांच मैचों की श्रृंखला को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि उन्होंने अकेले एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाए। तेज गेंदबाज सिराज ने एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में सबसे अधिक 23 विकेट लिए जबकि पंत ने चौथे टेस्ट में लगी चोट के कारण पांचवें मैच से बाहर बैठने से पहले 479 रन बनाए थे। मैनचेस्टर में दूसरी पारी में पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद उन्होंने 54 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर भारत की टी20 विश्व कप की जीत के नायक संजू सैमसन को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। सैमसन को इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी लेकिन बाद में जब उन्हें टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने



फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन बनाकर भारत को इस साल की शुरुआत में लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतने में मदद की थी। सैमसन को यह मासिक सम्मान मिलने का मतलब है कि पिछले पांच महीनों में यह पुरस्कार किसी दूसरे देश के खिलाड़ी ने हासिल किया है। इस श्रेणी में पिछले चार खिलाड़ी साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डैरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) शामिल हैं। सैमसन ने इस प्रदर्शन को अपने करियर का महत्वपूर्ण दौर करार दिया।

उन्होंने कहा आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करना अविश्वसनीय अहसास है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे अविस्मरणीय दौर में मिला है। पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की जीत में योगदान देना सचमुच एक सपने के साकार होने जैसा था और उस पल के महत्व को पूरी तरह समझने में मुझे कुछ समय लगा। सैमसन ने कहा, भारतीय क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर क्षेत्र में अपार प्रतिभा मौजूद है। मुझे जो अवसर मिले उनके लिए मैं आभारी हूं।

### एआईएफएफ ने नस्लीय दुर्व्यवहार की शिकायतों को अनुशासनात्मक समिति को भेजा

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान कथित नस्लीय दुर्व्यवहार की शिकायतों को अपनी अनुशासनात्मक समिति को भेज दिया है, क्योंकि केरल ब्लास्टर्स ने अपने एक खिलाड़ी से जुड़ी घटना पर कार्वाई की मांग की थी। केरल ब्लास्टर्स ने एआईएफएफ से शिकायत की थी 11 अप्रैल को कांतीरवा स्टेडियम में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ खेले गए आईएसएल मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणियां की गई।

# दोस्ताना मैच में रूस से 0-3 से हारी भारतीय टीम



सोच्चि (रूस)। भारत की अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तीन मैत्री मैचों के दूसरे मैच में रूस से 0-3 से हार गई। रूस के लिये मालेरिया मेनियेलोवा ने 49वें और 52वें मिनट में गोल किये जबकि सोफिया स्वियात्नाया ने 18वें मिनट में पहला गोल दागा।

इटली की पामेला कोंटी की कोचिंग में भारतीय टीम इन तीन मैचों के जरिये अगले महीने चीन में होने वाले एएफसी अंडर 17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही है। पहले मैच में रूस ने 4-0 से जीत दर्ज की थी। तीसरा मैच 17 अप्रैल को खेला जायेगा। वहीं दूसरी ओर मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी।

अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया।

# सनराइजर्स हैदराबाद के हार के कई कारण : पराग

एजेंसी



हैदराबाद। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा कि उनकी टीम की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों सत्र की पहली हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे जिनमें उनके विस्फोटक बल्लेबाजों का गेंदों की गति को समझने में नाकाम रहना भी शामिल है। गेंदबाज़ी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल पहले ओवर में ही पवेलियन लौट गए जिससे रॉयल्स की टीम को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। पराग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि हमारी हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे। गेंद हाथ से निकलने के बाद जिस गति से आ रही थी उसे देखकर हम थोड़े हैरान रह गए थे।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वैभव को गेंद के थोड़ा तेज गति से आने की उम्मीद थी लेकिन वह रुककर आई। ध्रुव के साथ भी ऐसा ही हुआ, गेंद अंदर की ओर मुड़ी। जायसवाल 10 में से नौ बार ऐसा शॉट मारता है लेकिन इस बार गेंद रुककर उनके पास पहुंची थी। पराग ने कहा, मुझे बहुत ही फुललेंथ गेंद मिली और मैं उसे हिट नहीं कर पाया। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम बदकिस्मत थे।

### यॉर्कर मेरी खास गेंद, हार्दिक भाई के प्रोत्साहन से मिला फायदा : हिंगे

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के प्रफुल्ल हिंगे ने मंगलवार को कहा कि यॉर्कर उनकी खास गेंद है और इसमें महारत हासिल करने के लिये उन्होंने काफी मेहनत की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या से मिले प्रोत्साहन से उनका मनोबल काफी बढा है। हिंगे ने राजस्थान रॉयल्स के दमदार बल्लेबाजी क्रम की धज्जियां उड़ाते हुए सोमवार को 34 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से उनकी टीम ने 57 रन से जीत दर्ज की।

# 'टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' मथुरा ब्रज स्टार ने जीती ट्रॉफी

खेल संवाददाता



लखनऊ। मथुरा ब्रज स्टार ने तेज एक्शन से भरे रोमांचक मुकाबले में ह्यटाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' के पहले सीजन की विजेता ट्रॉफी अपने नाम करने का गौरव हासिल किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली गई लीग के हाईवोल्टेज फाइनल में मथुरा ब्रज स्टार ने गोरखपुर राउडीज को 44-38 के अंतर से पराजित

- विजेता को मिला दो लाख रुपए का पुरस्कार व विजेता ट्रॉफी, उपविजेता को एक लाख का पुरस्कार


किया। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा टाटा कैपिटल के सहयोग से आयोजित इस लीग के फाइनल में दोनों ही टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर ताबड़तोड़ अटैक किए। पहले हॉफ में दोनों टीमें 21-21 से बराबरी पर रही। दूसरे हॉफ में मथुरा ब्रज स्टार ने बदली रणनीति के साथ खेलना शुरू किया और उसके खिलाड़ियों ने खासी चपलता दिखाई और मैच का पासा पलटते हुए फाइनल अपने नाम कर लिया। मथुरा की जीत के नायक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहिताश रहे जिन्होंने सबसे ज्यादा 14 गोल दागे। उन्हें मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का पुरस्कार मिला।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि ने 11 गोल करते हुए उनका बखूबी साथ दिया। इसके अलावा आइकन प्लेयर निहाल ने आठ, याहिया ने 6, शिवा ने तीन व सूर्या ने दो गोल किए। दूसरी ओर गोरखपुर राउडीज से मोहम्मद शूजा व कृष्ण ने सबसे ज्यादा 10-10

- 'प्लेयर ऑफ द लीग' रोहिताश को इनाम में मिली टीवीएस एक्सट्रीम मोटरसाइकिल

गोल किए। इसके अलावा दीपक ने पांच, सुनील व पवन ने 4-4 और हैप्पी ने तीन गोल दागे हालांकि निर्णायक मौकों पर चूक टीम पर भारी पड़ी। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मोहसिन रजा (पूर्व मंत्री- उत्तर प्रदेश सरकार व पूर्व रणजी क्रिकेटर) ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने विजेता मथुरा ब्रज स्टार को चमचमाती ट्रॉफी व दो लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता गोरखपुर राउडीज को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिला। वहीं लीग में मथुरा ब्रज स्टार के रोहिताश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 49 गोल दागे। उन्हें प्लेयर ऑफ द लीग के पुरस्कार के तौर पर टीवीएस एक्सट्रीम 125 मोटरसाइकिल की चाबी सौंपी गई।

# गोरखा समस्या का संवैधानिक रूप से समाधान करेंगे : शाह



गंगारामपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल की सत्ता में आती है तो दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का वह राज्य का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से समाधान करेगी।

दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में उत्तर बंगाल के लिए घोषित विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मैं दार्जिलिंग के अपने गोरखा भाइयों से कहना चाहता हूं कि सत्ता में आने पर भाजपा न केवल पहाड़ियों में एक पर्यावरण-अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र विकसित करेगी, बल्कि राज्य को विभाजित किए बिना संवैधानिक तरीके से गोरखा मुद्दे का समाधान भी करेगी। दार्जिलिंग की पहाड़ियों में रहने वाले नेपाली भाषी लोग करीब एक सदी से गोरखालैंड नाम से अलग प्रदेश की मांग कर रहे हैं और कई बार उनका आंदोलन हिंसक रूप ले चुका है। दार्जिलिंग के ऊपरी इलाकों और तराई के कुछ हिस्सों के प्रशासन के लिए 2011 में अर्ध-स्वायत्त गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के गठन के बावजूद, 2017 तक हिंसक आंदोलन होते रहे। इस क्षेत्र में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) और गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा (जीएनएलएफ) जैसी स्थानीय गोरखा पार्टियों और भाजपा तथा तृणमूल कांग्रेस जैसे बड़े दलों के बीच राजनीतिक साझेदारी को लेकर कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। इस इलाके में अलग गोरखालैंड की मांग हमेशा से राजनीति के केंद्र में रहा है। इस महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बिमल गुरुंग नीत जीजेएम से अलग हुए गुट, अनित थापा के नेतृत्व वाले भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) के साथ गठबंधन किया है और दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और कुर्सियोंग की सीटें अपने सहयोगी दल के लिए छोड़ दी हैं। दूसरी ओर, भाजपा एक बार फिर अपने पूर्व सहयोगी गुरुंग के साथ है। हालांकि इस बार वह इस क्षेत्र से सीधे चुनाव लड़ रही है। पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के मुद्दे को रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा राज्य में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट और रिश्वतखोरी के राज को समाप्त करेगी और घुसपैठियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्कासित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल में कमल के चिह्न के बगल में स्थित ईवीएम बटन को इतनी जोर से दबाएं जिससे पूरे भारत में घुसपैठिए बिजली का झटका महसूस कर सकें। शाह पिछले कुछ हफ्तों से पश्चिम बंगाल का नियमित दौरा कर रहे हैं और 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों से पहले राज्य में कई जनसभाएं कर चुके हैं। उत्तरी बंगाल के जिलों में 23 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा यहां घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से उठा रही है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में- 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा और मतों की गिनती चार मई को होगी। शाह ने आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के एजेंट हैं। उन्होंने दावा किया कि कबीर मुख्यमंत्री की सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में मस्जिद का निर्माण कर रहे थे। केंद्रीय गृहमंत्री ने मालदा जिले के मानिकचक में एक अन्य जनसभा में कहा, हुमायूं कबीर मेरी बात कान खोलकर सुन लें कि भाजपा मस्जिद का निर्माण नहीं होने देगी। ममता बनर्जी और उनके भतीजे को भी यह पता होना चाहिए कि पांच मई को, मतगणना के एक दिन बाद, उस मस्जिद को बनाने का उनका सपना चकनाचूर हो जाएगा।

# जात-पात से ऊपर उठें, संपन्न और विपन्न के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान दें : मुर्मू



अहमदाबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को लोगों से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर एक समावेशी समाज की दिशा में काम करने की अपील करते हुए कहा कि देश को अब संपन्न और विपन्न के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुर्मू ने गांधीनगर के लोक भवन (राजपाल आवास) में डॉ. बी. आर. आंबेडकर की जयंती पर आयोजित सामाजिक समरसता महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जाति प्रथा अतीत की बात है और लोगों को अब एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने पिछड़े हुए लोगों के उत्थान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, 'जाति प्रथा बनाने वाले अब नहीं रहे। हमें मिलकर आगे बढ़ना होगा और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना होगा। एक तरह से अब केवल दो ही जातियां हैं - संपन्न और वंचित (विपन्न)। एकता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, किसी को भी केवल अपने ही हित की बात नहीं करनी चाहिए। हम सभी एक हैं। हम भाई-बहन हैं। भारत की सांस्कृतिक एकता पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश की परंपराएं करुणा, समानता, पारस्परिक कल्याण और सद्भाव पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाजनों से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के एकजुट रहना ही सामाजिक सद्भाव की सच्ची अभिव्यक्ति है। एकता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत माता की सभी संतानें एक हैं, जाति, वर्ग, भाषा या क्षेत्र के आधार पर नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। मुर्मू ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के विकास और सामाजिक ताने-बाने में गांवों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा, देश की आत्मा उसके गांवों में बसती है। एक सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। विविधता के बावजूद, गांवों के लोगों में स्नेह, आत्मीयता और आपसी समझ होती है। यही भारतीय संस्कृति की सच्ची भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि गांव समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा। बी आर अंबेडकर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उनका सद्भाव का संदेश स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित था।

## संक्षेप

### पुराने रेलवे पुल तक बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाने को मंजूरी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने हर साल बरसात के मौसम में यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने पर पानी को रिंग रोड पर आने से रोकने के लिए यहां मजनू का टीला से लेकर पुराने रेलवे पुल तक 4.72 किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार बनाने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह दीवार न केवल यमुना नदी के पानी को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकेगी, बल्कि सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार और मजनू का टीला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करेगी। उन्होंने कहा कि दशकों से ऐसा होता आ रहा है कि जब भी यमुना में जलस्तर बढ़ता है तो मजनू का टीला और उसके आसपास के निचले इलाकों से ही पानी सबसे पहले राजधानी में प्रवेश करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1978 की भीषण बाढ़ से लेकर 2023 और वर्ष 2025 की बाढ़ तक, रिंग रोड का यह हिस्सा जलमग्न होने के कारण पूरी दिल्ली की रफ्तार रोक देता था। इस परियोजना का तकनीकी आधार संयुक्त बाढ़ समिति द्वारा अगस्त 2024 में तैयार की गई रिपोर्ट है, जिसमें रिंग रोड के इस हिस्से पर मजबूत बाढ़ सुरक्षा दीवार के निर्माण को दीर्घकालिक समाधान बताया गया था।

# मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट के चयन पर प्रशांत किशोर का तंज

पटना। बिहार में नए मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि अब बिहार गुजरात से संचालित होगा।

किशोर ने एक बयान जारी कर कहा कि ज्ञान की भूमि बिहार को चाल, चरित्र और चेहरा का दावा करने वाली भाजपा की यह पहली सौगात है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया गया है, जिसका चाल, चरित्र और चेहरा तीनों ही चर्चा का विषय होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब राज्य को बाहरी प्रभाव से संचालित किया जाएगा। किशोर ने कहा कि यह नयी भाजपा है, जिसने दिखा दिया है कि अब बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। सम्राट चौधरी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यहां व्यक्ति नहीं, बल्कि नियंत्रण महत्वपूर्ण होगा। किशोर ने कहा कि यहां मुख्यमंत्री बने हैं, व्यक्ति की बात नहीं है। उनकी चाबी या नियंत्रण अमित शाह के पास होगा। भाजपा की प्राथमिकता ऐसी स्थिति बनाए रखना है।

# भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी सोच संविधान को नष्ट कर रही है: राहुल



मालदा (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की नफरत भरी सोच संविधान को नष्ट कर रही है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। उत्तर दिनाजपुर, मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि बंगाल के निवासी नफरत फैलाने वाली भाजपा और जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस के बीच फंसे हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस को जनता के कल्याण के लिए एकमात्र विकल्प बताया। गांधी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के भ्रष्टाचार और गलत शासन नीतियों में लिप्त होने से राज्य में भाजपा के प्रभाव के प्रसार का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल ने हिंसा न की होती और सुशासन दिया होता, तो भाजपा यहां पैर भी नहीं जमा पाती। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पांच लाख लोगों को नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 84 लाख युवाओं ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया है। क्षेत्र के दिवंगत कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रियरंजन दासमुंशी को याद करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यदि दासमुंशी जीवित होते, तो वह कांग्रेस शासित बंगाल के मुख्यमंत्री होते। गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए उन पर नफरत भरी सोच से संविधान को नष्ट करने और वोट चोरी में लिप्त होने का आरोप भी लगाया। गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को असंवैधानिक करार दिया और आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस को जहां भी मौका मिलता है, वे संविधान पर हमला करते हैं। उन्होंने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए धर्म और जाति के नाम पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद, एसआईआर के तहत मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए लोगों के नाम बहाल कर दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस पूरे देश में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो भाजपा के खिलाफ मुकाबला कर सकती है और उसे हरा सकती है। गांधी ने पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी के लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल ने बंगाल के सभी उद्योगों को बंद कर दिया और सिंडिकेट के जरिए राज्य चला रही है। केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बंगाल के लिए बकाया दो लाख करोड़ रुपये नहीं दिए हैं और मनरेगा के तहत राज्य को कोष से भी वंचित रखा है।

# आई-पैक के निदेशक चंदेल को ईडी की 10 दिन की हिरासत




नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आई-पैक (इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी) के सह-संस्थापक एवं निदेशक विनेश चंदेल को मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया।

चंदेल को निदेशालय ने राजनीतिक दलों और अन्य संस्थाओं से प्राप्त धन के कथित हवाला लेनदेन से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से कुछ दिन पहले की गई है, जहां यह संस्थान क्रमशः तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) जैसे दलों को राजनीतिक परामर्श दे रहा है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि चंदेल को पूछताछ के बाद सोमवार शाम पौने आठ बजे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि वह भोपाल स्थित राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) से विधि स्नातक हैं और कंपनी में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के कारण आई-पैक के प्रमुख निर्णय कर्ताओं में शामिल हैं। उन्हें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेफाली बरनाला टंडन के आवास पर सोमवार रात करीब 11 बजकर 55 मिनट पर पेश किया गया और अदालत ने उन्हें मंगलवार तड़के साढ़े तीन बजे 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी अधिकारियों ने बताया कि चंदेल को 28 मार्च को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज एक नये मामले में गिरफ्तार किया गया। यह मामला आई-पैक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में चंदेल, प्रतीक जैन और ऋषि राज सिंह समेत इसके निदेशकों के जरिए खातों में हेराफेरी और आय के ज्ञात स्रोत से अधिक धन के लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पश्चिम बंगाल के कोयला घोटाले की जांच से जुड़ा हुआ है। निदेशालय ने 28 मार्च को दर्ज मामले की जांच के तहत दिल्ली में चंदेल के परिसर के अलावा, बेंगलुरु में आई-पैक के एक अन्य सह-संस्थापक एवं निदेशक ऋषि राज सिंह के परिसर और मुंबई में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर के परिसर पर दो अप्रैल को छापा मारा था।

# रातोंरात समझौते नहीं होते, बातचीत जारी रहे


## युद्धविराम को पूरी तरह से बरकरार रखा जाना चाहिए : : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान और अमेरिका के बीच रचनात्मक बातचीत जारी रखने के आह्वान के साथ ही इस बात पर जोर भी दिया है कि पश्चिम एशिया संघर्ष पर दोनों देशों के बीच हुई बातचीत बिना किसी समझौते के समाप्त होने के बाद भी युद्धविराम को हर हाल में बरकरार रखा जाना चाहिए।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के नेतृत्व में अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में शनिवार को 21 घंटे तक बातचीत हुई हालांकि इसमें युद्ध समाप्त करने को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस के प्रवक्ता द्वारा सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया, हालांकि पाकिस्तान द्वारा इस्लामाबाद में आयोजित वार्ता में अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हुआ, लेकिन चर्चाओं ने स्वयं उनकी प्रतिबद्धता की गंभीरता को रेखांकित किया और नए सिरे से संवाद की दिशा में एक सकारात्मक और सार्थक कदम उठाया गया। वेंस ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, उन्होंने हमारी शर्तें स्वीकार नहीं की हैं....हम देखेंगे कि हमारे प्रस्ताव को ईरानी स्वीकार करते हैं या नहीं। गुतारेस ने कहा कि गहरे मतभेदों को देखते हुए रातोंरात समझौता नहीं हो सकता और उन्होंने समझौते तक पहुंचने के लिए रचनात्मक रूप से बातचीत जारी रखने का आह्वान किया। गुतारेस ने कहा साथ ही, युद्धविराम को पूरी तरह से बरकरार रखा जाना चाहिए। सभी प्रकार के उल्लंघन बंद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हफ्तों की तबाही और संकट के बाद यह स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। पिछले हफ्ते, अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी।

## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर' ने कमाये 3 हजार करोड़



मुंबई। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 ने मिलकर दुनियाभर में 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली। इसके बाद यह 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म फ्रेंचाइजी बन गई है। जब किसी एक फिल्म की सफलता के बाद उसके एक से ज्यादा पार्ट बनाए जाते हैं तो वह एक फ्रेंचाइजी का रूप ले लेती है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधर 2 का इंडिया नेट कलेक्शन 1,088.62 करोड़ और इंडिया ग्रॉस 1,303.37 करोड़ हो चुका है। ओवरसीज में फिल्म ने 415.25 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,718.62 करोड़ पहुंच गया है। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है।

**पहले पार्ट ने 1307 करोड़, दूसरे ने 1718 करोड़ कमाए**

धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। जबकि दोनों ही पार्ट का डायरेक्शन आदित्य धर ने किया है। 5 दिसंबर 2025 में रिलीज हुई धुरंधर ने दुनियाभर में करीब 1,307.35 करोड़ का कलेक्शन किया था।

वहीं, 19 मार्च 2026 में रिलीज हुए इसके सीक्वल ने 26 दिनों में करीब 1,718.62 करोड़ की कमाई कर ली। इस तरह दोनों फिल्मों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 3,025.97 करोड़ पहुंच गया है। खास बात यह है कि धुरंधर 2 अभी सिनेमाघरों में चल रही है। धुरंधर ने कमाई के मामले में भारतीय सिनेमा की अन्य बड़ी फिल्म फ्रेंचाइजी को पहले ही पीछे छोड़ दिया था। पुष्पा के दोनों पार्ट की कुल कमाई करीब 2,192 करोड़ के आसपास थी। पुष्पा ने करीब 350.10 करोड़ और दूसरे पार्ट ने 1,742.10 करोड़ दुनियाभर में कमाए थे। वहीं, बाहुबली के दोनों पार्ट ने करीब 2,438 करोड़ का बिजनेस किया था।

# हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर और पूर्व रेसलर जॉन सीना ने सिंगर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। सीना ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर आशा भोसले की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह स्टेज पर परफॉर्म करती नजर आ रही हैं। जॉन सीना की फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की को-स्टार प्रियंका चोपड़ा ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए आशा भोसले को 'क्वीन' बताया। वहीं, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने आशा भोसले के निधन पर दुख जताया। उन्होंने इसे संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए बड़ा नुकसान बताया। अनवर इब्राहिम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि आशा भोसले की आवाज ने कई पीढ़ियों को जोड़ा। उन्होंने हजारों गानों के जरिए भावनाएं।

# माइथोलॉजिकल हॉरर कॉमेडी में नजर आयेंगी यामी गौतम



मुंबई। यामी उन चुनिंदा एक्ट्रेस में शामिल हैं, जिनका 'रिस्क फैक्टर' इंडस्ट्री में सबसे कम माना जा रहा है। कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा के लिए जानी जाने वाली यामी गौतम अब अपने करियर के सबसे अलग और साहसी प्रोजेक्ट की ओर बढ़ चुकी हैं। फिल्म गलियारों में चर्चा है कि उन्होंने दिग्गज निमार्ता-निर्देशक आनंद एल. राय के साथ एक मायथोलॉजिकल हॉरर कॉमेडी 'नई नवेली' के लिए हाथ मिलाया है। यह फिल्म लोक कथाओं और आधुनिक कहानी कहने के फॉर्मेट का अनोखा मेल होगी, जिसमें तकनीकी स्तर पर दक्षिण भारतीय सिनेमा की मजबूत भागीदारी देखने को मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग मुंबई के मालवणी इलाके में पिछले एक हफ्ते से तेजी से जारी है। यह प्रोजेक्ट आनंद एल. राय के बैनर कलर येलो प्रोडक्शंस के तहत बनाया जा रहा है।

# 'द सुपर मारियो गैलेक्सी' 2026 की सबसे बड़ी फिल्म




मुंबई। हॉलीवुड में 2026 की बॉक्स ऑफिस रेस में 'द सुपर मारियो गैलेक्सी' ने बाजी मार ली है। हॉलीवुड में 2026 की बॉक्स ऑफिस रेस में 'द सुपर मारियो गैलेक्सी' ने बाजी मार ली है। मारियो फ्रेंचाइज की इस नई फिल्म ने दुनियाभर में 629 मिलियन डॉलर (लगभग 5,200 करोड़ रुपए) की कमाई के साथ साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब अपने नाम कर लिया है और अब यह 1 बिलियन डॉलर क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे वीकेंड में ही जबरदस्त रफ्तार पकड़ी। अमेरिका और कनाडा के 4,284 थिएटर्स से इसे 69 मिलियन डॉलर करीब 570 करोड़ रुपए) की कमाई मिली, जिससे इसका घरेलू कलेक्शन 308.1 मिलियन डॉलर (लगभग 2,550 करोड़ रुपए) तक पहुंच गया। वहीं इंटरनेशनल मार्केट में भी फिल्म ने 81 देशों से 83.5 मिलियन डॉलर (करीब 690 करोड़ रुपए) जुटाकर अपनी ग्लोबल पकड़ मजबूत कर ली है।

**ग्लोबल बॉक्स ऑफिस : दुनियाभर में कमाये 5,200 करोड़**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K